चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 69, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 03 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# भारत-नेपाल की दोस्ती दुनिया में मिसाल: मोदी

## नेपाल में रूपे कार्ड व भारत के जयनगर से नेपाल के कुर्था तक ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया





**नई दिल्ली:** कुछ समय तक रिश्तों में खटास के बाद भारत-नेपाल संबंधों में अब फिर मिठास घुलने लगी है। तीन दिनी भारत यात्रा पर आए नेपाल के पीएम शेर बहादुर देउबा ने शनिवार को दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता की। इसके बाद दोनों नेताओं ने नेपाल में रुपे कार्ड व भारत के जयनगर से नेपाल के कुर्था तक ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया गया। रुपे कार्ड व ट्रेन सेवा का शुभारंभ पीएम मोदी व देउबा ने संयुक्त रूप से किया। जयानगर-कुर्था रेलवे लाइन का विकास भारत की मदद से किया गया है। पीएम मोदी और नेपाल के पीएम देउबा ने नेपाल में सोलू कॉरिडोर 132 केवी पावर ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशन का भी साझा उद्घाटन किया।

**रिश्तों का नया अध्याय शुरू: पीएम मोदी**-इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि नेपाल में रूपे कार्ड की शुरूआत हमारी अर्थव्यवस्था की कनेक्टिविटी में एक नया अध्याय जोड़ेगी। अन्य प्रोजेक्ट जैसे नेपाल पुलिस एकेडमी, नेपालगंज में ई एकीकृत चेक पोस्ट, रामायण सर्किट आदि भी दोनों देशों को और करीब लाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने व पीएम देउबा ने व्यापार और सभी प्रकार से सीमा पार कनेक्टिविटी के पहल को प्राथमिकता देने पर भी सहमति जताई है। जयनगर-कुर्था रेल लाइन की शुरूआत इसी का एक भाग है। दोनों देशों के लोगों के बीच सुगम, बाधारहित आदान-प्रदान के लिए ऐसी योजनाएं बेहतरीन योगदान देंगी। मोदी ने कहा कि मुझे इस बात की विशेष प्रसन्नता है कि नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सोलर अलायंस का सदस्य बन गया है। इससे हमारे क्षेत्र में टिकाऊ, किफायती और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय कंपनियों ने नेपाल की पन बिजली विकास परियोजनाओं में अधिक भागीदारी पर भी सहमति व्यक्त की है। पीएम मोदी ने कहा कि देउबा जी भारत के पुराने मित्र हैं। भारत-नेपाल संबंधों के विकास में उनकी अहम भूमिका रही है। हम आदिकाल से सुख-दुख के साथी रहे हैं। नेपाल की शांति प्रगति और विकास की यात्रा में भारत एक सुदृढ साथी रहा है।

**शृंगला ने भी जानकारी:** पीएम मोदी और नेपाल के पीएम शेर बहादुर देउबा के बीच की बैठक पर विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला ने कहा कि हमने अभी-अभी यात्रा के द्विपक्षीय भाग का समापन किया है। नेपाल के साथ हमारे संबंध 'पड़ोसी पहले' नीति के साथ एक विशेष स्थान पर हैं, जिसमें मुद्दों का एक बड़ा दायरा शामिल है।

आज वाराणसी जाएंगे देउबा: इससे पहले देउबा और उनकी पत्नी डॉक्टर आरजू देउबा के दिल्ली पहुंचने के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, एक विशेष दोस्त का हार्दिक स्वागत है। इस दौरे में देउबा रविवार को सुबह नौ बजे वाराणसी पहुंचेंगे। वहां कई मंदिरों में दर्शन करने के बाद दोपहर बाद दिल्ली लौटेंगे। दिल्ली से शाम सवा चार बजे काठमांडु के लिए रवाना हो जाएंगे।

**देउबा ने कहा-नेपाली जनता के प्रति स्नेह की प्रशंसा करता हूं-** इस मौके पर पीएम मोदी व देउबा ने साझा बयान भी जारी किया। इसमें देउबा ने कहा, 'मैं वास्तव में नेपाल और नेपाली लोगों के लिए आपके प्यार और स्नेह की प्रशंसा करता हूं और मेरी आज की यात्रा इन सहज भावनाओं को और आगे बढ़ाएगी।

## 'भारत-नेपाल के बीच सीमा मुद्दे को सुलझाने की जरूरत'



**नई दिल्ली:** पीएम नरेंद्र मोदी और नेपाल के पीएम शेर बहादुर देउबा के बीच व्यापक वार्ता के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने शनिवार को कहा कि एक सामान्य समझ है कि भारत और नेपाल के बीच सीमा मुद्दे को बातचीत के माध्यम से जिम्मेदार तरीके से संबोधित करने की जरूरत है और इसके राजनीतिकरण से बचना चाहिए। मीडिया को दिए अपने बयान में देउबा ने कहा कि सीमा मुद्दे पर चर्चा हुई और उन्होंने मोदी से द्विपक्षीय तंत्र की स्थापना के माध्यम से इसे हल करने का आग्रह किया। श्रृंगला ने कहा कि इस मुद्दे पर संक्षेप में चर्चा हुई। एक सामान्य समझ है कि दोनों पक्षों को अपने करीबी और मैत्रीपूर्ण संबंधों की भावना में चर्चा और बातचीत के माध्यम से इसे जिम्मेदार तरीके से संबोधित करने की जरूरत है और ऐसे मुद्दों के राजनीतिकरण से बचने की जरूरत है। श्रृंगला इस मुद्दे पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि एक भावना थी कि हमें इसे चर्चा और बातचीत के माध्यम से संबोधित करना चाहिए। नेपाल द्वारा 2020 में एक नया राजनीतिक मानचित्र प्रकाशित करने के बाद भारत और नेपाल के बीच संबंध गंभीर तनाव में आ गए थे,

जिसमें तीन भारतीय क्षेत्रों लिंपियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख को नेपाल के हिस्से के रूप में दिखाया गया था। भारत ने अपनी ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे 'एकतरफा कार्रवाई' कहा और काठमांडू को आगाह किया कि क्षेत्रीय दावों का ऐसा 'कृत्रिम विस्तार' उसे स्वीकार्य नहीं होगा।

## रूस के हमले में यूक्रेन के सैकड़ों विद्यालय तबाह



**कीव:** यूक्रेन पर रूस के हमले को 38 दिन हो चुके हैं, लेकिन दोनों देश सुलह के लिये आगे बढ़ने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में यूक्रेन की जनता युद्ध की मार झेलने के लिए विवश है। इन 38 दिनों में यूक्रेन के सैकड़ों विद्यालय तबाह हो चुके हैं और दर्जनों ऐतिहासिक स्थल अब इतिहास बन चुके हैं। यूक्रेन पर रूसी हमले का शिकार देश के लगभग सभी शहर हुए हैं। पूरे देश में सैकड़ों विद्यालय क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। सिर्फ राजधानी कीव में 71 विद्यालय तबाह हो गए हैं। खारकीव में 48 विद्यालय जमींदोज हो चुके हैं। यूक्रेन के शिक्षा मंत्री शरहीय श्कारलेट के मुताबिक 24 फरवरी से शुरू हुए रूसी हमले के पहले दस दिनों में ही 211 यूक्रेनी विद्यालय तबाह हो चुके थे। अब यह संख्या और भी अधिक बढ़ चुकी है। इनके अलावा यूक्रेन के तमाम ऐतिहासिक इमारतों को भी युद्ध का खामियाजा भुगतना पड़ा है। राजधानी कीव के 20 और खारकीव के 18 ऐतिहासिक स्थलों सहित देश भर के दर्जनों ऐतिहासिक स्थल अब इतिहास बन गए हैं। रूसी बमबारी में उनका अस्तित्व समाप्त हो गया है। बीती रात रूसी सेना ने यूक्रेन के निप्रो और पोल्टावा शहर में हवाई हमले किये। हमलों में कई इमारतों को भी निशाना बनाया गया है, जिनमें विद्यालय भी शामिल हैं। ह्यूमन राइट्स वाच की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले विद्यालय बंद कराकर उन्हें सैन्य चौकी बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया, फिर उन्हें सेना के हमले में तबाह कर दिया गया। यह स्थिति बंद होनी चाहिए।

## बड़ी परियोजनाएं के लिए भूमि देने में राज्य नहीं दिखा रहे उत्साह: गोयल

**नई दिल्ली: औद्योगिक** गलियारों जैसी बड़ी परियोजनाओं के लिए भूमि देने में राज्य बहुत उत्साह नहीं दिखा रहे हैं। यह बात कंज्यूमर अफेयर्स, फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन मिनिस्टर पीयूष गोयल ने राज्यसभा में कही। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान एक सदस्य का उत्तर देते हुए कहा, 'बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है, लेकिन यह सत्य है कि भूमि उपलब्ध कराने में जिस तरह की तेजी राज्य सरकारों को दिखानी चाहिए थी, वह नहीं दिखा रहे हैं।

## महंगाई की मार फिर बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम



**नई दिल्ली:** देश की आम जनता पर चौतरफा महंगाई की मार पड़ रही है। रोजाना हो रही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी ने लोगों का हाल-बेहाल कर दिया है। आलम ये है कि 21 मार्च के बाद 12 दिनों में दस बार इनके दाम बढ़ाए गए हैं। शनिवार को भी दोनों ईंधनों में 80 पैसे की बढ़ोतरी की गई। इस वृद्धि के साथ पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 7.20 रुपये का इजाफा हो चुका है।

**चार प्रमुख महानगरों में कीमतें:** शनिवार को की गई बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अब 102.61 रुपये प्रति लीटर हो गई, जबकि डीजल 93.87 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 117.57 रुपये प्रति लीटर है, जबकि डीजल की कीमत 101.79 रुपये प्रति लीटर है। इसके अलावा कोलकाता में पेट्रोल का दाम 112.19 रुपये प्रति लीटर (84 पैसे बढ़ा) और डीजल 97.02 रुपये प्रति लीटर (80 पैसे बढ़ा) है। वहीं चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 108.21 रुपये और डीजल की कीमत 98.28 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गई है। कीमतों में तेजी पर लगाम नहीं: गौरतलब है।

## श्रीलंका के दर्द पर भारत का मरहम



**नई दिल्ली:** पड़ोसी देश श्रीलंका पिछले कुछ समय से महंगाई और गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार लगभग समाप्त हो जाने और कई देशों के कर्ज से दबे पड़ोसी देश के ऊपर दिवालिया होने का संकट उत्पन्न हो गया है। श्रीलंका को इस संकट से उबारने के लिए कई देश आगे आए हैं लेकिन भारत इसमें सबसे अधिक भूमिका निभा रहा है। भूखमरी को खत्म करने के लिए भारत ने श्रीलंका के लिए 40000 टन चावल का सप्लाई किया है। सबसे राहत की बात ये है कि चावल की सप्लाई श्रीलंका में एक प्रमुख त्योहार से पहले की जा रही है। उम्मीद है कि भारत द्वारा की गई इस मदद से श्रीलंका को कुछ राहत मिलेगी।

**श्रीलंका में लगा आपातकाल:** श्रीलंका में गंभीर आर्थिक संकट और भारी विरोध प्रदर्शन के चलते पूरे देश में आपातकाल लगा दिया गया है। हिंसा और विरोध प्रदर्शन को देखते हुए राष्ट्रपति ने पूरे देश में कर्फ्यू का ऐलान कर दिया है।

**श्रीलंका में महंगाई चरम पर:** पेट्रोल पंप पर फ्यूल के लिए दो-दो किलोमीटर लंबी लाइनें लग रहीं। खाने की चीजें इतनी महंगी हो गईं कि लोग भूखे सोने को मजबूर हैं।

## गाजियाबाद में दिनदहाड़े लूटा बैंक

### नकाब पहनकर पीएनबी में घुसे चार बदमाश, हथियार के बल पर लूट ले गए 10 लाख रुपये



**गाजियाबाद:** गाजियाबाद में बढ़ते अपराध के चलते दो दिन पूर्व एसएसपी का निलंबन कर दिया गया था, हालांकि इसके बाद भी यहां बदमाशों के हौसलों में कोई कमी नहीं आई है। शनिवार को दिनदहाड़े नूरनगर सिहानी में पंजाब नेशनल बैंक के कर्मियों को बंधक बनाकर बदमाशों ने करीब 10 लाख रुपये की लूट को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार आज दिन में चार नकाबपोश बदमाश पीएनबी बैंक की नूरनगर सिहानी शाखा में घुस गए और हथियार के बल पर लूट को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। बैंक शाखा को सील कर दिया गया है और फिंगर प्रिंट भी लिए जा रहे हैं।

**ऐसे दिया वारदात को अंजाम:** पुलिस ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में दोपहर करीब 1.20 बजे चार बदमाशों ने घुसकर हथियार के बल पर लगभग 10 लाख रुपए लूट लिए। बताया जा रहा है कि तीन बदमाशों ने हेलमेट पहने थे जबकि एक नकाबपोश बदमाश था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चारों बदमाशों बाइक स्टार्ट छोड़कर ही बैंक के अंदर घुसे थे। घटना के दौरान बैंक में मैनेजर समेत तीन बैंककर्मी मौजूद थे।

**बढ़ते अपराध के चलते नए एसएसपी की शुक्रवार को हुई नियुक्ति:** गाजियाबाद में बढ़ते अपराध को नियंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आईपीएस अधिकारी एलआर कुमार को जिले में अस्थायी नियुक्ति दी गई है।

## फिर एक्टिव हुआ एंटी रोमियो स्क्वॉयड

**आगरा:** यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा विजय और स्कूल-कॉलेजों में नया सत्र शुरू होने के साथ ही एंटी रोमियो स्क्वॉयड भी एक्टिव हो चुका है। इसी के तहत नवरात्र के पहले दिन मंदिरों के बाहर एंटी रोमियो स्क्वॉयड तैनात नजर आयी। एंटी रोमियो स्क्वॉयड ने महिलाओं को एंटी रोमियो स्क्वॉयड से सम्बंधित मत्वपूर्ण जानकारियां दी। आगरा में आज रविवार को नवरात्र के पहले दिन से ही महिला सुरक्षा के लिए मंदिरों के बाहर एंटी रोमियो स्क्वॉयड तैनात नजर आयी। एंटी रोमियो स्क्वॉयड ने इस दौरान मंदिरों बाहर महिलाओं को एंटी रोमियो स्क्वॉयड से जागरूक कराया।

## यूपी: नए बजट में संकल्प पत्र व केंद्रीय योजनाओं की नजर आएगी छाप

### मुफ्त सिलेंडर व राशन की मिल सकती है सौगात



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के नए बजट में भाजपा के लोक कल्याण संकल्प पत्र-2022 व केंद्रीय बजट में घोषित गति शक्ति व किसान ड्रोन जैसी नई योजनाओं की छाप नजर आएगी। विभाग बजट प्रस्तावों को तैयार करने में जुटे हुए हैं। वित्त वर्ष 2022-23 का पूर्ण बजट विधानमंडल के आगामी सत्र में लाने की तैयारी है। योगी सरकार-2.0 में विभागों को शीर्ष स्तर से कुछ प्रमुख बातों को ध्यान में रखकर बजट प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है। मसलन, पिछले वर्षों में जिन योजनाओं में बजट प्रावधान अधिक किया जाता रहा है, लेकिन बड़ी राशि खर्च नहीं हो पाती है, वहां कम आवंटन का प्रस्ताव किया जाए। जहां आवंटन कम होता है, लेकिन बीच में अधिक राशि की आवश्यकता के लिए पुनर्विनियोग (एक मद में प्रावधानित राशि में बचत की दशा में दूसरे मद में अतिरिक्त खर्च की आवश्यकता पर आवंटन) की आवश्यकता होती है, वहां आवश्यकतानुसार आवंटन बढ़ाया जाएगा। इससे अत्यधिक पुनर्विनियोग की गंभीर समस्या से राहत मिल सकेगी। ऐसी योजनाओं पर पुनर्विचार करने को कहा गया है जहां भारी भरकम राशि खर्च नहीं हो पा रही है। इसके अलावा सभी विभागों को ज्यादा से ज्यादा रोजगारपरक योजनाएं तैयार करने को कहा गया है। विभाग इन निदेशों को ध्यान में रखकर प्रस्ताव तैयार करने में जुटे हैं। सभी विभाग लोक कल्याण संकल्प पत्र में अपने-अपने विभाग से संबंधित वादों को चिह्नित कर प्राथमिकताएं तय कर रहे हैं। वे देख रहे हैं कि किस वादे को पहले ही बजट में पूरा किया जाना आवश्यक है। किसे थोड़ा आगे टाला जा सकता है।

**अधूरे प्रोजेक्ट को प्राथमिकता:** जानकार बताते हैं कि सड़क, बिजली, हर घर पानी, मेट्रो व पूर्व घोषित चार एक्सप्रेसवे जैसे अधूरे प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक बजट प्रावधान तय है।

## 'जन नेता' हैं प्रधानमंत्री मोदी : नकवी



**मुम्बई:** केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को मुंबई में सिविल सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक जन नेता हैं न कि किसी विशेष जाति, समुदाय, क्षेत्र या धर्म के नेता। नकवी ने कहा कि उनका उद्देश्य सभी वर्गों के लोगों का समान सशक्तिकरण सुनिश्चित करने में सफल होना है। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की कई योजनाओं और अल्पसंख्यकों को मिलने वाले उनके फायदों के बारे में भी बताया। केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को मुंबई में सिविल सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साथ ही पास के न्यू पनवेल में अंजुमन-ए-इस्लाम में मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी ने जाति और समुदाय की बाधा को तोड़कर आम लोगों को प्रगति, समृद्धि का अनमोल भागीदार बनाया है। नकवी ने कहा कि पीएम मोदी एक जन नेता हैं, न कि किसी विशेष जाति, समुदाय, धर्म या क्षेत्र के नेता।

# एमएलसी चुनाव,तीसरा मोर्चा सक्रिय

अखंड भारत संदेश

**कोरांव, प्रयागराज।** एमएलसी चुनाव इलाहाबाद कौशांबी निर्वाचन क्षेत्र से अखिल भारतीय प्रधान बीडीसी सभासद संगठन ने उक्त चुनाव में तीसरे मोर्चे की शक्ल अख्तियार कर ली है,क्योंकि पहला ऐसा मौका है जो अभी तक पंचायतों के सदस्य दूसरे उम्मीदवारों को मतदान करके जीताते रहे हैं,किंतु इन्हे किसी ने सम्मान और उनके हक स्वाभिमान अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं किया। जिससे पंचायतें लंबे अर्से से उपेक्षित रहीं। इस कारण संगठन ने पंचायत परिवार से खुद अपना कैंडिडेट उतारा। और तम मन धन से कमल कुमार मिश्र को जीतने का फैंसला किया।



फिलहाल संगठन ने ऐसी अंदरूनी रणनीति बना ली है कि जो प्रत्यासी मैदान में हैं सब कमल मिश्र से ही लड़ेंगे। और जीत की ओर अग्रसर हैं।इसकी वजह है कि मिश्र किसी पार्टी से टिकट नहीं पाए हैं,उनका टिकट पंचायत संगठन है। और संगठन ही मतदाता हैं,इसलिए सभी पर मिश्र जी भारी हैं। अन्य।पार्टी के प्रत्यासी की बैठक में मतदाता से अधिक पार्टी पदाधिकारी सदस्य ही शामिल हो रहे। किंतु संगठन की प्रत्येक ब्लाकों में हो रही बैठकों में सभी के सभी मतदाता शामिल हो रहे। ग्राम प्रधान और बीडीसी संगठन ने तीसरे मोर्चे के रूप में संगठन प्रत्यासी घोषित कर दिया है। इसमें काफी जिला पंचायत सदस्य, बीडीसी सभासद आदि वोटर्स जी गैर भाजपा समर्थक वाले हैं उक्त लोगों ने भी संगठन को अपना समर्थन देना शुरू कर दिया है। जिससे कमल मिश्रा की जीत सुनिश्चित होती जा रही है।

ज्ञात जो कि चुनाव मैदान में भाजपा से के पी श्रीवासतव और सपा से निवर्तमान एमएलसी वासुदेव यादव मैदान में है। फिलहाल संगठन का ही प्रत्यासी मैदान में रहे और सपा के वोटर्स कहीं ऐसा न हो कि कमल मिश्र के पक्ष में भाग जाएं ऐसा भी लोगों में चर्चा है। और कुछ को डर है। वहीं भाजपा भी अपनी रणनीति बनाने में लगी है। चर्चा है की सारे वोटरों में ज्यादा पंचायत संगठन के ही मतदाता हैं। इस लिए संगठन के कुछ लोगों की मांग है कि पार्टियां खाश तौर से पंचायत संगठन प्रत्यासी को ही समर्थन दे दें। और सरकार में शामिल करलें। यदि ऐसा नहीं होता तो संगठन अपना वजूद समाप्त नहीं करना चाहता।फिलहाल लडाई त्रिकोणीय हो गई है। किंतु यह सनद रहे कि पंचायत सगठन के वोटरों को कोई भी पार्टी खरीद नहीं सकती। अन्यथा संगठन का वजूद समाप्त हो जायेगा। ऐसी भी चर्चा है। किसी पार्टी ने अभी तक कोई पत्ता नहीं खोला है। किंतु तीन अप्रैल के बाद संगठन किसी भी दल से कोई वार्ता नहीं करेगा। सीधे 9 अप्रैल को वोट सिर्फ और सिर्फ संगठन के हित में ही करेगा। संगठन के हित में कई पार्टी के लोग अपना समर्थन देने शुरू कर दिए हैं। क्योंकि पंचायतों के मुखिया हर वर्ग हर पार्टी के समर्थक सदस्य होते हैं। संगठन ने विभिन्न ब्लाकों से अपने परिवार को ही वोट करने का फैंसला किया है। बिकने का काम नहीं करेगा यह प्रण कर लिया गया ऐसा शोहरत है। पंचायत संगठन जिंदाबाद के नारे हर ब्लॉक में लगते दिख रहे हैं। संगठन आर पार की लड़ाई में तटस्थ है। कई बीडीसी और प्रधानों ने तो सीधे संगठन को भाजपा प्रत्यासी को समर्थन दे कर अपना कैंडिडेट बनाए,और चुनाव एकतरफा हों जाए।



## गैंगस्टर का वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** गैंगस्टर का वांछित आरोपी को मऊआइमा पुलिस और एस ओ जी टीम ने धर दबोचा और जेल भेज दिया। मऊआइमा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह,उप निरीक्षक राजेश उपाध्याय एस ओ जी गंगापार, उपनिरीक्षक इन्द्र प्रताप सिंह आदि ने गैंगस्टर का वांछित आरोपी रोहित सिंह पुत्र उदयराज सिंह बडनपुर सदर कोतवाली प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि है रोहित सिंह हत्या और नाजायज असलहा रखने के जुर्म में इसके पूर्व जेल जा चुका है ।

## हाइटेंशन तार टूट कर गिरने से दो दर्जन किसानों की फसल जल कर खाक



अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** हाईटेंशन तार टूट कर गेंहू की पकी फसल पर गिर पडा जिससे खेत में आग लग गई।जब तक ग्रामीण और दमकल की टीम आग पर काबू पाते तीस बीघा के करीब किसानों की पकी फसल जलकर खाक हो गई ।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चमरुपुर में खेत से गुजरी हाइटेंशन तार काफी दिनों से ढीला था। शुक्रवार को दोपहर में ढीला तार टूट कर खेत से में गिर पडा। बताया गया है कि तार गिरते ही गेहूं की पकी फसलें जलने लगी।जब तक ग्रामीण और दमकल की टीम घंटों मशक्कत करके आग बुझाते तब तक तकरीबन तीस बीघा फसल जल कर खाक हो गई। बताया गया है कि आग से रामजतन, शिवजतन,नीमर, राजकुमार, बहादुर, मोहन लाल,फतेह बहादुर , माधुरी , जयप्रकाश , राजकली ,आदि दो दर्जन से अधिक किसानों की पकी फसल जल कर खाक हो गई ।इस घटना से प्रभावित किसानों के यहां मातम छाया हुआ है ।राजस्व विभाग की टीम प्रभावित किसानों के हानि का आकलन करने में जुटी हुई है।

## अज्ञात कारणों से घर में लगी आग से लाखों का सामान जल कर राख

**मेजा, प्राागराज।** मेजा रोड मेजा खास में अज्ञात कारणों से दोपहर भीषण आग लग गई। इससे पीड़ित स्वजनों सहित स्थानीय लोगों में खलबली मच गई। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया,लेकिन तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। वहीं सूचना पर पहुचें फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने घण्टों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग और काबू पाया, लेकिन तब तक पीड़ित का आशियाना एवम गृहस्थी पूरी तरह जलकर रक्ख हो गई। इससे पीड़ित स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

## बोलेरो व टेंपो की भिड़ंत में महिला की मौत, छः घायल

### थापना गंगा स्नान कर लौट रहे थे लोग समलीपुर में हुआ हादसा

अखंड भारत संदेश

**कोरांव, प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के समलीपुर गांव में दोपहर बाद 2 बजे के आसपास बोलेरो और टेंपो की भिड़ंत हो जाने से टेंपो सवार जहां एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं छः लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ज्ञातव्य हो कि थापना के दिन सिरसा गंगा घाट पर स्नान करने के लिए टेंपो वाहन से अमिलिया पाल व खजुरी कला के लोग गए हुए थे। शनिवार को दोपहर बाद स्नान कर वापस लौट रहे थे कि समलीपुर गांव में कोरांव बाजार की ओर से जा रही अनियंत्रित बोलेरो ने सामने से टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में श्यामकली यादव पत्नी अवध नारायण यादव (50) निवासी खजुरी कला यादव नगर थाना कोरांव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इनके साथ रही उर्मिला पत्नी राम बहादुर यादव व सरोज देवी पत्नी कमला कांत यादव निवासी खजुरी गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसी प्रकार शांति देवी पत्नी रामजीत, विजय बहादुर पुत्र गोपी, सुराजी पुत्र गोपी, रामजीत पुत्र झुरई निवासी गण अमिलिया पाल थाना कोरांव भी गंभीर रूप से घायल हो गए। शांति देवी राम जी पति पत्नी थे राम जी का हांथ पूरी तरह से फैक्चर हो गया था। हादसे की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना कोरांव भूपेंद्र सिंह यादव दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। जहां सभी घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव भेजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जबकि मृतका श्यामकली यादव का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### रोते बिलखते सीएचसी पहुंचे परिजन

हादसे में मौत की सूचना जैसे ही श्यामकली के घर पहुंची परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव पहुंच गए मृतका श्यामकली को 3 पुत्र व एक पुत्री है। जिसमें बड़े पुष्पराज देवराज व तीर्थराज हैं सबसे छोटा पुत्र तीर्थराज बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। वह घर पर भी नहीं था जिसकी शादी भी नहीं हुई है। नवरात्रि पर्व के आरंभ में ही हुए भीषण हादसे से जहां कई परिवारों में मायूसी देखी गई, वहीं क्षेत्र के लोगों में भी दुख देखा गया।

## यात्रियों से मोबाइल ,नकदी लूट करने के गैंग के सदस्य को पुलिस ने पकड़ा,भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** अप्पे पर सवार होकर चलने वाले यात्रियों व बाइक सवार लोगों से मोबाइल व नकदी छीन कर भागने वाले गैंग के सदस्य को घूरपुर पुलिस ने पकड़ कर चोरी का मोबाइल ,नकदी व एक बाइक बरामद करते हुए जेल भेजा है। घूरपुर क्षेत्र से नैनी के इलाके व जारी क्षेत्र के हाइवे पर सुनसान इलाके में निकल रहे यात्रियों से मोबाइल व नकदी छीन कर भागने वाले एक गैंग के सदस्य अंकित पटेल निवासी छोटी बोंगी घूरपुर को शनिवार की भोर ए एसपी चिराग पासवान व एसओ घूरपुर धीरेंद्र सिंह ने क्षेत्र के दांदूपुर स्थित बाबा ढाबा के पास से पकड़ लिया। थाने ले आकर पुलिस ने पूंछतांछ की तो छिनैती की घटना में शामिल होने की बात बताई गई । पकड़े गए अंकित के बारे में पुलिस ने बताया कि इनका एक लंबा गिरोह है । पूंछतांछ में कईयो के नाम सामने आए हैं।जिनकी तलाश की जा रही है । पकड़े गए आरोपी ने शुक्रवार के दिन में मोबाइल छीना था जिसे पुलिस ने बरामद करते हुए घटना में शामिल अपाचे बाइक बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

## सेवानिवृत्त रेलवे कर्मी की ट्रक की चपेट में आने से मौत

**मेजा।** मेजा रोड मेजा एनटीपीसी से ड्यूटी कर घर जाते समय मेजारोड चौराहे के कोरांव रोड पर (रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी) ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार करछना थाना क्षेत्र के मुगांरी गांव निवासी श्याम लाल यादव (64) रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। रिटायर्ड होने के बाद वह मेजा एनटीपीसी में ड्यूटी करते थे। शनिवार सुबह वह ड्यूटी से घर जा रहे थे, जैसे ही मेजारोड चौराहे के कोरांव रोड पर पहुंचे थे कि ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई के लिए जुटी हुई है।

## दलित बाइक चालक से वाहन चलाने को लेकर कहासुनी के बाद उसे जमकर पीटा गया

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** एक दलित बाइक से घर जा रहा था।आरोप है कि चारपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिसपर जमकर कहा सुनी के बाद मार पीट हुई। दलित ने मऊआइमा थाने में दस नामजद एक दर्जन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासी शुभम कुमार पुत्र मिठाई लाल का आरोप है कि वह बाइक से घर जा रहा था तभी चार पहिया वाहन ने उसके बाइक में टक्कर मार दी। कहासुनी के बाद चार पहिया वाहन चालक ने अपने गांव बांका जलालपुर से लोगों को बुला कर उसे जमकर मारे पीटे बाइक तोड कर जाति सूचक गालियां दी तथा जान से मारने की धमकी दिए।घायल शुभम कुमार ने मऊआइमा थाने में जीशान , मिन्हाज ,मोकीम उद्दीन ,सईद उद्दीन,जमील उद्दीन, इरफान,अमन , दिलशाद, महमूद आलम तथा एक दर्जन अज्ञातों के खिलाफ एससी-एसटी एंव मार पीट आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## यूपी पुलिस निरीक्षक मोटर परिवहन पदोन्नित किये जाने पर ग्रामवासियों में खुसी

अखंड भारत संदेश

**सिरसा, प्रयागराज।** सोराम ग्रामपंचायत दलइपुर (चांदपुर रइया) के निवासी राम आधार पुत्र दूजई राम नियुक्ति का जनपद इकाई हरदोई परिक्षेत्र लखनऊ उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा अधीनस्थ अधिकारी ज्येष्ठता के आधार पर प्रोन्नति द्वारा चयन के लिए बोर्ड द्वारा गठित विभागीय प्रोन्नति द्वारा उपनिरीक्षक मोटर परिवहन को निरीक्षक मोटर परिवहन के पद पर पदोन्नति प्रदान कीया जाताः हैं। जैसे ही राम आधार के घर मे संदेश मिला पूरे



गांव में खुसी का माहौल बन गया। राम आधार के छोटे भाई यशवंत सिंह ने गांव मे लोगो के बीच जाकर मिठाई से सबका मुँह मीठा किया और ग्रामवासियों ने भी यशवंत को हार्दिक बधाई दिया। ग्रामसभा के एक बुजुर्ग बताते हैं कि राम आधार एक गरीब परिवार से मिलान करते हैं।ये शुरू से मेहनत और लगन से पढ़ाई और घर की जिम्मेदारी समझते थे। जो उसी का फल आज उन्हें मिला हैं।

## मंडल अध्यक्ष ने संचारी रोग अभियान रैली को दिखाई हरी झण्डी

अखंड भारत संदेश

**जसरा, प्रयागराज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में विशेष संचारी रोग अभियान रैली को भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।श्री शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वारा समय समय पर ऐसे विशेष संचारी रोगों से बचाव के लिए रैली निकली जाती रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा के अधीक्षक डा०तरुण पाठक ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम 2 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इससे सीएचसी के प्रत्येक गांवों के लोगों को जागरूक करने के लिए यह चलाया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी सीमा सिंह ने बताया कि पूरे अभियान के दौरान आशा बहुएं घर घर जाकर लोगों को संचारी रोग और संक्रमण रोगों से बचाव के बारे में जागरूक करेंगी। रैली में डा०संतोष सिंह, डा०आरके मिश्रा, डा०मनीष,नेत्र परीक्षण



अधिकारी डा०हीरानंदन पंकज पांडेय, चीफ फार्मासिस्ट शहबाज,देवेन्द्र सिंह, इन्द्रजीत सिंह,लल्ला पांडेय,राकेश सिंह,शिवम प्रजापति,अखिलेश सिंह, राजू,एएनएम रीता सिंह, नीशा गौतम,श्वेता यादव,कुलजीत सिंह सहित सैकड़ों आशा बहुएं व आशा संगिनी मौजूद रहीं।

## पत्रकारों के साथ अनैतिक वर्ताव बर्दास्त नहीं : जगदम्बा शुक्ल

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक घूरपुर स्थित संघ के मंडल कार्यालय में सम्पन्न हुई । बैठक में पत्रकारों के आत्मसम्मान और पत्रकारिता कैसे हो इस पर विस्तार से चर्चा हुई । बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के राष्ट्रीय संरक्षक जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने पत्रकारों के बीच कहा कि आप सभी लोग समाज के एक अभिन्न अंग हैं, समाज को पत्रकारों से बहुत ही अपेक्षायें होती है ,समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही सच्ची पत्रकारिता है । यदि हम किसी मामले में पत्रकार के बजाय पक्षकार बने तो निश्चित ही अपमानित होना पड़ेगा । हमे निःस्वार्थ भाव से निष्पक्ष पत्रकारिता की ओर आगे बढ़ना होगा। यदि इसके बाद भी कही कोई पत्रकारों की अस्मिता पर आंच आती है तो संघ उसकी लड़ाई लड़ेगा । इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने भी पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को कड़ाई से निपटने का आश्वासन दिया।

प्रयागराज इकाई के मुख्य महासचिव राजेन्द्र सिंह ने कहा पत्रकारों की कलम की धार से उसकी पहचान है। इस लिए कलम की धार वही सही मानी जाती है जो समाज को एक नई दिशा की ओर ले जाये ,जिससे समाज का भला हो । कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ पत्रकार आरडी द्विवेदी ने भी अपने विचार रखे । तहसील अध्यक्ष सुरेश चंद्र लल्ला ने भी संघ की विचार धारा को आगे बढ़ाते हुए संघ को और मजबूत करने की बात कही । कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष आर के शर्मा ने किया । कार्यक्रम के आयोजक उपाध्यक्ष बारा इकाई अजय द्विवेदी रहे इस मौके पर यमुनापार जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ, मीडिया प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी, तहसील इकाई के संरक्षक राजेश निषाद,मो कमर, अतुल यादव, मयंक त्रिपाठी , फूल कुमार ,एसपी सिंह, सोनू जायसवाल आदि पत्रकार मौजूद रहे ।

## शंकरगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शातिर चोर, तमंचा बरामद

**शंकरगढ़,प्रयागराज।** पड़ोसी जनपद चित्रकूट से प्रयागराज आकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिरों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी यमुनापार के शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने की है। चोरों के पास से एक तमंचा, चार देशी बम, चोरी का मोबाइल, आधार कार्ड व पर्स बरामद हुई है। धरे गए तीनों चोरों के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में पांच मुकदमे पहले से दर्ज हैं।थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर के जरिए थाने की पुलिस ने छतरी कोठी (कस्बा शंकरगढ़) के समीप घेराबंदी की और तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों चोर चित्रकूट जनपद के रहने वाले हैं। एसओ ने बताया कि धरे गए शिवबली निषाद पुत्र राजकुमार निषाद (निवासी मकवार, मऊ, चित्रकूट), श्याम बिहारी उर्फ बच्चा पुत्र रामकिशोर उर्फ रामकिशुन (निवासी मऊ, चित्रकूट) और रिंकू सिंह उर्फ विश्वजीत सिंह पुत्र श्रीनाथ सिंह (निवासी टिकरा, मऊ, चित्रकूट) के पास से तमंचा, कारतूस, बम, आधार इत्यादि बरामद हुआ है।

## सांसद की मौजूदगी में करछना सपा ब्लाक प्रमुख थामा भाजपा का दामन

### करछना ब्लाक के सपा समर्थित ब्लाक प्रमुख भाजपा में हुए शामिल

अखंड भारत संदेस

**करछना।** विकासखंड के सपा समर्थित ब्लाक प्रमुख श्रीमती सरोज द्विवेदी पत्नी कमलेश द्विवेदी शनिवार को करछना स्थित अनघ गेस्ट हाउस में पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह प्रयागराज की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी जिला अध्यक्ष विभव नाथ भारती विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद, डॉक्टर केपी श्रीवास्तव , भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सपा छोड़कर भाजपा ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल



हुए इस उपलक्ष्य में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था।

इस मौके पर सिद्धार्थ नाथ पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए सबको अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए उन्होंने कहा कि ब्लाक प्रमुख करछना को भाजपा में आ जाने से एक और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि करछना विधानसभा में 37 साल बाद कमल खिला है और आशा करते हैं कि एमएलसी के चुनाव में भी करछना से इस बार कमल खिलेगा स्वागत समारोह में सपा छोड़ भाजपा में शामिल हुए क्षेत्र पंचायत सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया , इस मौके पर त्रिवेणी प्रसाद पांडे, सोभनाथ द्विवेदी रिंकू सिंह ,डॉ भगवत पांडे ,पूर्व विधायक कलेक्टर पांड रंगबली पटेल ज्ञान सिंह पटेल ,सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे इस मौके पर बड़ी संख्या में प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में शिरकत की।

# वासंतिक नवरात्र के पहले दिन शक्तिपीठों में उमड़े श्रद्धालु, लगा मां का जयकारा

## घर-घर की गई घट स्थापना, नौ दिनी चलने वाले उपवास का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़, प्रयागराज।** चैत्र-वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों में आस्थावानों की भारी भीड़ देखने को मिली। वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। भक्तों ने दिन के प्रथम पहर में घट (कलश) की स्थापना की और अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की। इसी के साथ नौ दिन तक चलने वाले व्रत का शुभारंभ भी हो गया। नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों, शक्तिपीठों में भारी भीड़ देखने को मिली। आसपास की दुकानें, बाजारों में अच्छी-खासी भीड़ नजर आई। देवी मंदिर मां के जयकारे से गुंजायमान होते रहे। लोगों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर सुबह-सुबह यमुनापार के सभी देवी मंदिरों में लोगों की भारी भीड़ नजर आई।मंदिरों में भोर से ही भक्तों का आना-जाना शुरू हो गया और दोपहर तक पूजन-अर्चन का क्रम चलता रहा। देवी भक्तों ने पुष्प,



अक्षय, रोली, मिष्ठान, नारियल, चुनरी, धूप इत्यादि के साथ मां की आराधना की और आरती उतारी।

वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की गई। मंदिरों में मां का विविध फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया।मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ और अनुष्ठान पूजन किया जा रहा है।

कोरोना काल के प्रतिबंधों से मुक्ति मिलने के बाद पड़े इस चैत्र नवरात्र में न सिर्फ देवी मंदिर गुलजार नजर आ रहे हैं, बल्कि स्थानीय बाजार भी लोगों की भीड़ से कसे हैं। देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन का यह क्रम अगले नौ दिनों तक सुबह-शाम निरंतर चलता रहेगा। देवी मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस महकमे ने भी अपना इंतजाम कर रखा है। सभी मंदिरों में सुरक्षा कर्मियों के साथ महिला पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

दूसरी तरफ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर नवसंवत्सर 2079 का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। हिन्दू नववर्ष के स्वागत में विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा हवन-पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कई स्थानों पर सुंदरकांड का पाठ तो कहीं पर हनुमान चालीसा का पाठ कर नये वर्ष की आगवानी की गई।

### हवन यज्ञ कर सुख समृद्धि की, की गई कामना

शंकरगढ़ ।इसी क्रम में नगर पंचायत शंकरगढ़ के आर्य राम वाटिका में यज्ञ-हवन कर आगामी वर्ष में सुख-समृद्धि की कामना की गई। आचार्य विकास जी महाराज के सानिध्य में भक्तों ने हवन कुंड में आहुति दी और आशीष की कामना की। इस मौके पर रामखेलावन गुप्ता, विनोद केसरवानी, रोहित केसरवानी, अजय कुमार, शिव सेवक द्विवेदी, समाजसेवी सुधा गुप्ता, सुशीला देवी, मीना केसरवानी, वंदना, श्वेता केसरवानी, रीता केसरवानी, साधना, संगीता, खुशबू, नेहा, उमा वर्मा, रेनू, रूबी, शालिनी, लीला देवी, मूलचंद्र केसरवानी, अनूप केसरवानी, रतन केसरवानी, सुजीत केसरवानी, जय केसरवानी समेत सैकड़ों भक्तगण शामिल हुए।

# घर घर पूजी गईं आदि शक्ति

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** नव संवत्सर 2079 के वासंतिक नवरात्रि के प्रथम दिन भक्त नर नारियों ने अपने अपने घरों तथा मंदिरों में जाकर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री के रूप में विधि विधान से पूजन, आरती एवं मां की स्तुति कर मनोवांछित फल की हृदय से प्रार्थना किए। क्षेत्र के मंदिरों में नवरात्रि के प्रथम दिन अपार श्रद्धा के साथ भक्त नर नारियों ने दिन भर घंटा घरियार बजाकर मां की पूजन, अर्चन, वंदना के साथ विधि विधान से दर्शन कर मां के आशीर्वाद प्राप्त किए। भक्तगंण अपने अपने घरों में शुभ मुहूर्त के साथ विद्वान आचार्यों से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना कराया और मां जगदंबा का पाठ नौ दिन के लिए संकल्प के साथ आदिशक्ति का पाठ शुरू कराया। इस अवसर पर सहसों बाजार में मां दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में मुख्य यजमान दिनेश चन्द्र केसरवानी के द्वारा नौ दिन का अनुष्ठान का संकल्प लेते हुए आचार्य पंडित दिनेश चन्द्र शास्त्री के द्वारा विधि विधान से मंत्रोचार के साथ कलश स्थापना व पूजन के साथ मां की आराधना शुरू हुआ। इस पर मानस मर्मज्ञ आचार्य शीतला प्रसाद व्यास ने बताया कि पुराणों के अनुसार मां दुर्गा ने हेमवती के रूप में देवताओं का गर्व भंजन किया था। तथा नवदुर्गा में प्रथम शैलपुत्री का महत्व





और शक्तियां अनंत हैं नवरात्र पूजन के प्रथम दिन उन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है। इस दिन उपासना से योगी अपने मन को मूलाधार चक्र में स्थित कर साधना करते हैं। उन्होंने बताया कि जो भी भक्त मां शैलपुत्री की श्रद्धा भक्ति के साथ विधि विधान से पूजन हवन इत्यादि के साथ उपासना करता है मां उसकी सकल मनोरथ को पूर्ण करती हैं। इसी तरह सहसों स्थित राम जानकी मंदिर सहित दुर्गा मंदिर ललचहां, मसूरियन माता मंदिर चकिया घरहरा, माता चौरा इनायतपुर, दुर्गा माता मंदिर रामनाथ पट्टी आदि मंदिरों में भक्त नर नारियों के साथ भक्तगण पहुंचकर मां जगदंबा की पुष्प, नारियल, धूप दीप के साथ पूजन अर्चन कर सकल कष्ट निवारण के लिए मां जगदंबा से आशीर्वाद लिये। पूरे दिन क्षेत्र के समस्त मंदिरों में जय माता के उद्घोष से मंदिर प्रांगण गुंजायमान रहा।

# दुर्गा शक्ति पीठ रधईपुर आस्था का केंद्र बन गया राजराजेश्वरी मंदिर

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** प्रयागराज की पावन धरती पर वरुणा नदी के तट पर स्थित प्रतापपुर क्षेत्र के महरछा, रधईपुर गांव में प्रतिष्ठापित राजराजेश्वरी दुर्गा माता का मंदिर अपनी पावन एवं मंगलमयी गाथा का गवाह बन गया है।मंदिर में स्थापित माँ की भव्य , मनमोहक एवं आकर्षक मूर्ति भक्तों का मन मोह लेती है।

इस पवित्र मंदिर के प्रांगण में हर नवरात्रि मे भगवती की वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा और अर्चना की जाती है।भक्त दूर दूर से माँ राजराजेश्वरी का दर्शन करने आते हैं और भगवती से अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मन्नत मानते हैं माँ के आशीर्वाद से लोगों की मन्नत पूरी होती है। मंदिर प्रांगण में शनिदेव मंदिर निर्माण का भी प्रस्ताव है।नवरात्रि में सब सहभागी होकर दुर्गा माँ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं मंगलवार को यहां मेला भी लगता है।मंगलवार को भक्त गण



दूर दूर से दर्शन करने आते हैं। नवरात्रि में भक्तों की भीड़ होती है।मंदिर के संस्थापक राजमणि त्रिपाठी का मानना है कि माँ दुर्गा का यह पावन मंदिर सबका है और यदि समय समय पर भक्त गण और आस्थावान लोग सहयोग करें तो और उत्तम होगा।



## खेल प्रेमियों का विधायक मेजा संदीप पटेल नें की हौसला अफजाई

**मेजा रोड।** मांडा के लिए निकले विधायक संदीप पटेल शनिवार को मेजा के मनु का पूरा में युवाओं द्वारा खेले जा रहे बालीबाल ग्राउंड स्थल पहुचें। उन्होंने युवाओं का कुशल क्षेम पूछा। इसके बाद विधायक ने युवाओं से खेल से सम्बंधित समस्या की जानकारी की। युवाओं ने बालीबाल व नेट की समस्या विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने तत्काल युवाओं को बालीबाल व नेट दिलाया। इसके अलावा खेल के लाभकारी बिंदुओं पर चर्चा किया।इस अवसर पर राम बहादुर, फते बहादुर सिंह, विजय राज यादव, रक्षा मंत्री यादव विशाल पटेल ,कलेक्टर पटेल, प्रदीप पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# खपरैल मकान सहित दो बकरियां एक तोता आग के हवाले, एक मवेशी झुलसा

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी परिधि के चंदौहा गांव में शुक्रवार की शाम विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। आग की लपटें देख गांव में हाहाकार मच गया। सब कुछ जलता देख गृहस्वामी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल होने लगा। जिससे कच्चा खपरैल मकान जलकर राख हो गया उसमें रखा गृहस्ती का सारे सामान के साथ दो बकरियां एक पिंजरे में बंद तोता की भी जलकर मौत हो गई तथा एक मवेशी जलकर घायल हो गया घटना से हालात इतना बुरा हो गया है कि पीड़ित परिवार परिजन सहित पेड़ के नीचे रहने को मजबूर हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदौहा गांव के रामसेवक भारतीय के घर के समीप एक विद्युत ट्रांसफार्मर है। ट्रांसफार्मर से घर के लिए लगे तार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जो धीरे-धीरे सरपत का बने एक छप्पर और उसके पास में कच्चा खपरैल मकान तक पहुंच गई। जब तक ग्रामीण आग बुझा पाते तब तक



आग ने विकराल रूप धारण कर घास फूस के मकान सहित रिहायशी कच्चा मकान जलकर राख हो गया। पीड़ित रामसेवक ने बताया कि रिहायशी मकान के अंदर रखा गृहस्ती का सारा सामान, कपडे, राशन, अनाज आदि खाद्यान्न जल गया। वही पास में बंधी हुई दो बकरी व पिजड़े में पालतू एक तोता की भी जलकर मौत हो गई। एक गोवंश भी आग की चपेट में आने से झुलस कर घायल हो गया। जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष सरायइनायत सुशील कुमार दुबे, सहसों पुलिस चौकी के सिपाही अमितोष सिंह आदि मौके पर पहुंच गए। पुलिस और ग्रामीणों के प्रयास से समरसेबुल पंप चलवा कर आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घर व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। मृतक बकरी का पोस्टमार्टम कराया गया। मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने नुकसान का जायजा लेते हुए घटना की लिखा पढ़ी कर इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी। आग में घर व गृहस्थी का सामान जल जाने के कारण रामसेवक भारतीय का परिवार पेड़ के नीचे रहने को मजबूर है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पीड़ित परिवार का कितना मदद कर सकता है।

# ट्रैफिक जाम में रेलवे कर्मचारी ने होमगार्ड को पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा, प्रयागराज।** जसरा रेलवे क्रॉसिंग पर रेल विभाग का एक चार पहिया वाहन लाइन तोड़कर आगे बढ़ रहा था। होमगार्ड द्वारा रोके जाने पर रेल विभाग के लोगों ने होमगार्ड को पीट दिया। स्थानीय लोगों के बीच-बचाव के बाद मामला शांत हो गया। होमगार्ड ने घटना की सूचना घूरपुर पुलिस को दे दी है। शनिवार को लगभग सायं 3 बजे जसरा रेलवे क्रॉसिंग बंद था। वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई थी। इसी दौरान रेल विभाग के एक वाहन में रेलवे का एक अधिकारी व आधा दर्जन से अधिक गैंगमैन कर्मचारी प्रयागराज की ओर जा रहे थे। रेल विभाग



का वाहन चालक अचानक वाहनों की कतार तोड़कर आगे जाने लगा। इसी दौरान क्रॉसिंग पर तैनात होमगार्ड राधेश्याम पटेल ने वाहन को रोक दिया तथा आगे बढ़ने से मना किया। इतने में रेल विभाग का अधिकारी व आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी होमगार्ड पर टूट पड़े तथा मारपीट करने लगे। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर मामला किसी तरह से शांत करा दिया। बाद में रेल विभाग के लोग अपने वाहन पर बैठकर चले गए। पीड़ित होमगार्ड राधेश्याम पटेल ने घटना की सूचना घूरपुर पुलिस को दे दी है। वहीं आए दिन वाहन चालकों व सवारों द्वारा ट्रैफिक के नियम उल्लंघन करने को लेकर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड से दुर्व्यवहार किए जाने की घटना आम बात हो गई है। बताते चलें कि जसरा रेलवे फाटक पर जाम न लगे इसके लिए दो होमगार्डों की तैनाती थानाध्यक्ष घूरपुर द्वारा रेलवे फाटक पर की गई है। लेकिन आये दिन इस तरह का विवाद होना आम बात हो गई है।

# भाई की शादी के पूर्व छोटे भाई ने होंने वाली भाभी से रचाई शादी

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड ।**बडे भाई की मई में होने वाली शादी के पूर्व अवैध संबंध के चलते देवर से शादी रचाने का मामला प्रकाश में आया है।मामला मेजा थाना क्षेत्र के मेंडरा गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार कोरांव क्षेत्र के घोरहाई,बेरी निवासी दूधनाथ के लड़के शेरबहादुर की शादी है 20 मई को मेजा थाना क्षेत्र के टीमई का पूरा निवासी कल्लू राम की पुत्री गीता से तय हुई थी। इसी बीच जिस लड़के की शादी तय हुई थी उसका छोटा भाई अमर



बहादुर लड़की के यहां आना जाना शुरू कर दिया था। शुक्रवार को वह लड़की के घर आया था।जब सब सो गए तो दोनों घर से बाहर चले गए।जानकारी होने और परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो थोड़ी दूरी पर दोनों को आपत्ति जनक में पकड़ लिया।लड़की पक्ष वालों ने लड़के के खिलाफ मेजा रहने में रिपोर्ट लिखा दी।मामले की जानकारी जब में प्रधान रामधारी बिंद को हुई तो लड़के के पिता को बुलाकर शादी करने की बात कही तो लड़के का पिता तैयार हो गया।प्रधान ने पुलिस से समझौते की बात बताई तो पुलिस ने 151 के तहत मुकदमा दर्ज कर दी और लड़के के पिता ने उसकी जमानत कराकर प्रधान और पुलिस की मौजूदगी में लिखा पढ़ी के साथ थाने के पास स्थित शिवमन्दिर में जय माल से शादी करवा दी। दोनों पक्ष राजी खुशी से शादी की और लड़की पक्ष वालों ने लड़की की विदाई की और लड़के पक्ष वालों ने राजी खुशी बहू की विदाई कराई।दोनों पक्षों ने जहां प्रधान के कार्यों की सराहना की,वही यह शादी चर्चा का विषय भी बनी रही।



## विश्व हिन्दू परिषद कार्यकताओं ने हनुमानजी की पूजा कर निकाला जुलूस

**अखंड भारत संदेस**

**बारा।** लोहगारा बाजार में विश्व हिन्दू परिषद् के जिला अध्यक्ष श्री सी एन पांडेय जी की अगुआई में हनुमान मन्दिर नीबी से विश्व हिन्दू परिषद् के कार्यकताओं ने श्री हनुमाजी की पूजा कर बैंड बाजा के साथ जुलूस निकाला जुलूस यात्रा हनुमान मंदिर से नीबी बाजार होते पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर में समाप्त हुआ कार्यक्रम का संचालन श्री प्रेम नारायण पांडेय जी किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष श्री चंद्र निधान पांडे विश्व हिंदू परिषद विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष सुरेश जी अग्रवाल विश्व हिंदू परिषद जिला बौद्धिक प्रमुख श्री मुकेश जी आर एस एस श्री विनोद जी विभाग संगठन मंत्री श्री अनिल जी विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष श्री मनोज सिंह दीपेश मिश्रा प्रधान पांडुआ फंटू महाराज राजू सिंह राजेंद्र प्रसाद मिश्रा सुनील द्विवेदी रामानंद द्विवेदी मुकेश पाठक दादू महाराज सोनू मोनू आदर्श सुजीत केसरवानी नगर अध्यक्ष शंकरगढ़ प्रमुख रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम में सहभागिता किया कार्यक्रम के समापन में श्री चंदन पांडे ने आए हुए समस्त कार्यकताओं का स्वागत किया और कार्यक्रम का समापन किया।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने फूलपुर में शांति मार्च निकालकर दिया एकता व राष्ट्र प्रेम का संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** फूलपुर कस्बे के गोमती इंटर कालेज परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारियों एवं स्वयं सेवकों ने पूर्ण गणवेश में शांति मार्च जुलूस निकालकर देश प्रेम का संदेश दिया। इस्माइल गंज, लोचनगंज,जाफरगंज कटरा,पूरे अच्छई,तहसील मुख्यालय,शेषपुर पूर्वी शेषपुर पश्चिमी से होते हुए जुलूस ब्लाक मुख्यालय व कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए गोमती इंटर कालेज परिसर में उद्बोधन के साथ समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल सेवकों पर कस्बा के निवासियों ने पुष्प की वर्षा की। इस मौके पर हिंदू नव



वर्ष प्रतिपदा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सुरक्षा व्यवस्था के रूप में क्षेत्राधिकारी फूलपुर राम सागर व कोतवाली प्रभारी अमित कुमार राय के साथ बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे। शांति मार्च के दौरान संघ के सस्थापक डाक्टर बलिराम हेडगेवार और संघ को आगे बढ़ने में दितीय संघ चालक गोलवरकर गुरु की प्रतिमा फूल मालाओं से सजी रही। इस अवसर पर भाजपा काशी प्रांत के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अमरनाथ यादव, बेचन सिंह,लक्ष्मीकांत मिश्र उर्फ काका,सुलीन सदा ब्रत,शोभनाथ चौरसिया,गौरी शंकर चौरसिया, नवीन कुमार चौरसिया, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता,प्रेम चंद्र गुप्ता, वैभव गुप्ता,अभिषेक कुमार गुप्ता,राजेश कुमार गुप्ता,अमित कुमार गुप्ता के साथ ही बड़ी संख्या में संघ के स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## वह तो सर्वज्ञ,अंतरयामी है, सबका पालनकर्ता हैः आचार्य विकास

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** वे लोग अभागे होते हैं, जो भगवान की शरण में जाकर भी सुख-सुविधा की कामना करते हैं। वह तो सर्वज्ञ है,अंतरयामी है और सबकी जानता है। उसकी छत्र छाया में जाने से मात्र से ही जीव का कल्याण हो जाता है। भगवान की शरण में जाकर खुद को समर्पित कर दो, अपने आप उद्धार हो जाएगा। यह बातें आचार्य विकास महाराज ने कही। शंकरगढ़ की आर्य राम वाटिका में चल रही श्रीमदभागवत कथा के चौथे दिन कथा सुनने को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। दूसरे पहर भागवत कथा के दौरान आचार्य विकास महाराज ने बड़े ही मार्मिक ढंग से विभिन्न प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया और सुख का मूल अर्थ समझाया। आचार्य विकास जी महाराज ने अपने भजन -लगन तुमसे लगा बैठे, जो होगा देखा जाएगा, तेरी गलियों में आ बैठे, जो होगा देखा जाएगा, तुम्हे अपना बना बैठे जो होगा देखा जाएगा...के जरिए कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि इस जीव-जगत में यदि कोई सबसे बड़ा हितैषी है तो वह स्वयं भगवान हैं। उनसे बड़ा हितैषी दूसरा कोई नहीं हो सकता। जीव को पूरी श्रद्धाभाव से भगवान की शरण में जाना चाहिए।

# हिन्दू नव वर्ष पर गुड मार्निंग योग क्लब ने निकाली शोभायात्रा

## सनातन संस्कृति को दुनिया भर में फैलाने का हुआ प्रयास

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गुड मॉर्निंग योग क्लब अटल वाटिका बाबागंज के द्वारा शनिवार को सुबह सात बजे हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2079 एवं चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन के उपलक्ष में क्लब द्वारा एक शोभायात्रा निकाली गई।

इस शोभा यात्रा में गुड मॉर्निंग योग क्लब के सभी परिवारजन और ईस्ट मित्र इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और नगर के सभी नागरिकों को हिन्दू नववर्ष की बधाई देते हुए यह शोभा यात्रा बाबागंज पार्क से होते हुए बाबागंज मार्ग से चैक घंटाघर तक उसके बाद घंटाघर से वापस अटल वाटिका पार्क बाबागंज में समापन किया गया।



शोभायात्रा में शामिल गुड मार्निंग योग क्लब के पदाधिकारी।

शोभा यात्रा में हिन्दू नववर्ष को तथा अपनी भारतीय संस्कृति को विस्तारित करने और सनातन संस्कृति को पूरी दुनिया में फैलाने के लिए एक प्रयास किया गया और आगे भी इस तरह के आयोजन के लिए गुड मॉर्निंग योग क्लब अपना प्रयास करता रहेगा जिससे हमारी आने वाली नई पीढ़ी अपनी पुरानी संस्कृति को समझे और उसका विस्तार कर सके। इस अवसर पर गुड मॉर्निंग योग क्लब के अध्यक्ष कैलाश श्रीवास्तव, संयोजक आर.एन. पाल, ओम प्रकाश केसरवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशपाल सिंह, रतन खंडेलवाल, महामंत्री प्रमोद कुमार केसरवानी, मीडिया प्रभारी संदीप रावत, मंत्री राजू केशरी, मनीष चैरसिया, सुनील केसरवानी, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी, सदस्यगण अजय बाजपेई, बबलू सोनी, कैलाश अग्रहरि, अरुण खंडेलवाल मनोज केसरवानी तथा मातृशक्ति से प्रेम लता खण्डेलवाल, सुमन खण्डेलवाल, किरण केसरवानी, सुषमा केसरवानी, हरमीत कौर, प्रीति केसरवानी, अंजनी केसरवानी, संतोष खंडेलवाल, शशि खंडेलवाल, प्रीति जायसवाल, श्वेता चैरसिया आदि उपस्थित रहे।

## महुआ बिनने से मना कर रहे हैं विपक्षी, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीन के स्थगन आदेश और उस पर स्थित महुआ के पेड़ पर विपक्षियों द्वारा महुआ ना बनने पर पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में विपक्षियों के खिलाफ तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सिसौरा गांव का रहने वाला राम फकीर पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोसी उसकी जमीन में लगे हुए महुआ के पेड़ को कब्जा करना चाहते हैं जबकि सिविल जज जूनियर डिविजन के द्वारा पीड़ित के पक्ष में आदेश हुआ है। पीड़ित ने बताया कि जब वह महुआ बिनने के लिए जाता है तो विपक्षी उसे मारने के लिए दौड़ा देते हैं। इंसाफ पाने के लिए शनिवार को पट्टी कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ इंसाफ की गुहार लगाई है।

# नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों मे गूंजे आराधना के स्वर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन देवी मन्दिरों मे श्रद्धालुओं का उल्लासमय समागम दिखा। वहीं दिन भर घरों मे कलश स्थापना मे भी देवी मंत्र गुंजायमान देखा गया। नगर के बेल्हा देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचकर दर्शन पूजन किया। वहीं लालगंज केक इनहन भवानी धाम, राहाटीकर स्थित मां दुर्गा मंदिर, अगई के दुर्गन देवी धाम, गुम्मौर वन देवी, सांगीपुर वार्ड के चैहर्जन देवी, मनीपुर चंदापुर के ग्राम देवी, उमापुर स्थित काली मां मंदिर, नगर के हरिहरमंदिरम मे श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की विधि विधान से आराधना की। देवी मंदिरों मे श्रद्धालुओं को सुबह से ही मां के चरणों मे नारियल चुनरी तथा फूल माला अर्पित करते देखा गया। देवी मंदिरों मे देवी गीत से भी चैत्र नवरात्र मे आध्यात्मिक वातावरण गुंजायमान हो उठा दिखा। उधर रामपुर खास विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना व सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने चैत्र नवरात्र पर रामपुर खास के लोगों को उज्ज्वल भविष्य की मजबूती के प्रति संकल्पबद्ध होने का आहवान किया है। प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने कहा कि देवी की उपासना का यह पर्व हमें कमजोर तथा गरीब तबके की मजबूती व समग्र एवं सतत विकास के प्रति प्रेरणा का पथ प्रदर्शन किया करता है।



बेल्हा देवी मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की कतार।

## कोर्ट के आदेश पर जालसाजी व धोखाधड़ी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ जालसाजी व धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। हथिगवां थाना के दयालपुर निवासी रामआसरे सिंह पुत्र बंशीलाल ने कोर्ट से की गई फरियाद मे कहा है कि बीती बारह सितंबर 2019 को उसकी भूमिधरी जमीन का लालगंज तहसील के रजिस्ट्री कार्यालय मे करमाईन पूरे छत्तू थाना लालगंज निवासी गुलाब सिंह पुत्र मुनेश्वर सिंह व विजय प्रताप पुत्र मुनेश्वर, बंशी लाल पुत्र रामसुंदर व दखवापुर निवासी राधेश्याम पुत्र साधू ने जालसाजी कर उसकी जमीन का बैनामा करा लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी किंतु जांच के नाम पर केस नही दर्ज हुआ। पीड़ित के कोर्ट से फरियाद करने पर बीती शुक्रवार की रात पुलिस ने मामले मे केस दर्ज किया है।

## धूमधाम से सिंधी समाज ने मनाई झूलेलाल जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के बाबागंज में शनिवार को सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल (चेटी चंद) की जयंती मनाई गई। उनको वरुण के अवतार के रूप में पूजा गया। लोगों ने समाज की एकजुटता का संदेश भी दिया। भगवान का चित्र लगाकर मुखी प्रताप बहादुर कुंदनानी, घनश्याम दास मंछानी, राजेश कुंदनानी, महेश चंद्र, रमेश चंद्र साधवानी, गंगा प्रसाद आदि ने पूजन किया। आरती उतारी गई। झूलेलाल के जयकारे लगाए। उनसे प्रार्थना की कि वह सब का कल्याण करें।



भगवान झूलेलाल जयंती पर पूजन-अर्चन करते सिंधी समाज के पदाधिकारी

लोगों को चने व शर्बत को प्रसाद के रूप में पूरे दिन वितरित किया गया। इसे पीकर लोगों ने सुकून पाया। इस मौके पर बताया गया कि झूलेलाल का पूजन करने से परिवार में खुशहाली रहती हैं।

## शांति व्यवस्था कायम करने के लिए पुलिस का पैदल मार्च

### आपसी भाईचारा कायम रखने की अपील

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नवरात्रि तथा रमजान के पर्व को देखते हुए पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम पट्टी नगर सहित विभिन्न स्थानों पर पैदल मार्च किया और कई स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर लोगों की तलाशी ली गई। क्षेत्राधिकारी दिलीप सिंह की अगुवाई में पट्टी नगर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने पैदल मार्च करते हुए कई स्थानों का निरीक्षण किया तथा रमजान और नवरात्रि के अवसर पर किसी भी प्रकार की हिंसा न हो इसके लिए पुलिस महकमा पूरी तरह मुस्तैद है। क्षेत्राधिकारी पट्टी दिलीप सिंह ने बताया कि दो अप्रैल को रमजान का पर्व शाम से शुरू हो रहा है और उसी दिन से हिंदू नव वर्ष तथा नवरात्रि का शुभारंभ हो रहा है ऐसे में सामाजिक समरसता एकता और भाईचारा कायम रहे इसके लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है किसी भी गड़बड़ी और हिंसा को रोकने के लिए पैदल मार्च किया गया है। पट्टी नगर के उड़ैयाडीह मोड़, ढकवा मोड़ ,बाईपास चमन चैक ,मेन चैक सहित विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने पैदल मार्च किया।

## आगजनी मे गृहस्थी हुई खाक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के पण्डित का पुरवा मे आकस्मिक आगजनी के तहत पीड़ित की गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। शुक्रवार की देर रात गांव के छोटे लाल वर्मा के मकान के ऊपरी हिस्से के छप्पर मे आग लग गयी। आगजनी के चलते पीड़ित की चारपाई, कुर्सी तथा खाद्यान्न सामग्री जलकर नष्ट हो गयी। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर नियंत्रण किया। सूचना मिलने पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार की निजी तौर पर मदद की। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल केके सरोज ने भी आगजनी से नुकसान का जायजा लेते हुए शनिवार को तहसीलदार को रिर्पोट सौंपी है।

## मारपीट की अलग अलग घटनाओं मे आरोपियों के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अलग अलग घटनाओं मे मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर शुक्रवार की रात मुकदमा दर्ज किया है। पहली घटना कोतवाली के पूरे वंशी मे हुई। गांव के शिवदत्त तिवारी पुत्र रामफटारे ने दी गई तहरीर मे कहा है कि इक्तीस मार्च को रंजिशन गांव के हीरालाल व राहुल पुत्रगण कल्लू ने उसे लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियो ने जानलेवा धमकी देते हुए गालीगलौज की। इधर कोतवाली के बाबूतारा निवासी मो. गुलफाम की पत्नी आबिदा निशा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि इक्तीस मार्च को रात्रि आठ बजे रंजिशन विपक्षियों ने उस पर हमला बोल दिया। विपक्षी गांव के जन्मतुलनिशा पत्नी इरफान व इकराम पुत्र इरफान ने उसे मारपीट कर चुटहिल कर दिया। आरोपियो ने पीड़िता के शोर मचाने पर उसे जान से मार देने की धमकी भी दी। मारपीट की दोनों घटनाओं मे तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# जोनल व सेक्ट्रर मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण

## आठ अप्रैल को होगा एमएलसी का चुनाव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ नितिन बंसल व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ईशा प्रिया के आदेशानुसार एवं निर्वाचन आयोग द्वारा नामित प्रेक्षक कंचन वर्मा आईएएस की देखरेख में उत्तर प्रदेश विधान परिषद प्राधिकारी निर्वाचन 2022 को सकुशल निष्पक्षता पूर्ण, शुचिता पूर्ण एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अफीम कोठी में सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट माइक्रो ऑब्जर्वर, पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी, प्रथम द्वितीय एवं तृतीय का एक दिवसीय प्रशिक्षण दो पारियों में संपन्न हुआ।

इस प्रशिक्षण में मतदान अधिकारियों एवं सभी कार्मिकों को सामान्य एवं बैलट बॉक्स का विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



अफीम कोठी में आयोजित प्रशिक्षण में बोलतीं सीडीओ ईशा प्रिया।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रेक्षक निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह निर्वाचन बहुत ही संवेदनशील और महत्वपूर्ण है। इसको हमको बहुत सावधानी के साथ एवं पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह निर्वाचन सामान्य निर्वाचन से भिन्न है इसको हम को सावधानी से संपन्न कराना है। मतदान 9 अप्रैल को सुबह आठ बजे से शाम को चार बजे तक संपन्न होगा। पोलिंग पार्टियां 8 अप्रैल को अफीम कोठी से प्रस्थान करेंगे और शाम को अफीम कोठी के स्ट्रांग रूम में सील्ड बैलट बॉक्स जमा की जाएगी। प्रशिक्षण में सभी जोनल एवं सेक्टर एवं मतदान कार्मिकों की चुनाव संबंधी शंकाओं का समाधान मास्टर ट्रेनर्स सामान्य एवं बैलेट के माध्यम से भी किया गया। इस अवसर पर ओम प्रकाश मिश्रा जिला विकास अधिकारी, शिव प्रकाश प्राचार्य अफीम कोठी, डॉ विंध्याचल सिंह, सुपर मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ मोहम्मद अनीस, धर्मेंद्र कुमार ओझा, अनिल कुमार सिंह, अशोक कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण सृष्टि के लिये आज का दिन महत्वपूर्ण: रमेश

## नव वर्ष पर आरएसएस ने किया पथ संचलन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2079 के अवसर पर पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सृष्टि का आरंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हुआ था। आज ही के दिन संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का जन्मदिवस है। आज का दिन हम सब के लिए, संपूर्ण हिंदू समाज के लिए, संपूर्ण सृष्टि के लिए एक महत्वपूर्ण दिवस है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संपूर्ण विश्व में हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य करता है। हम सब का भाव वसुधैव कुटुंबकम की भावना से प्रेरित है। आज के दिन हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हमें अपनी सनातन संस्कृति, सभ्यता और धर्म की रक्षा करते हुए स्वयं में गौरव और स्वाभिमान का अनुभव करना चाहिए। उद्बोधन के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन किया गया।



नगर में पथ संचलन करते आरएसएस के पदाधिकारी।

घोष वादन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए स्वयंसेवकों का भाव राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण था। संचलन राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान से आरंभ होकर चैक घंटाघर, भगवा चुंगी, ट्रेजरी चैराहा, शिवाजी चैराहा होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज में आकर पूर्ण हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रभक्त मातृशक्ति, जन समुदाय के द्वारा स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर राष्ट्रभक्त स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विभाग संघचालक रमेश त्रिपाठी, जिला संघचालक चिंतामणि, जिला कार्यवाह डॉ सौरभ पाण्डेय, अशोक सिंह, हरीश, प्रतोष, कार्तिकेय द्विवेदी, प्रभाशंकर पांडेय, रवि कसौधन, संतोष यादव, हेमंत मिश्र, दिनेश अग्रहरि, मुरलीधर केसरवानी, राकेश शर्मा, डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा, जयशंकर, सावन,राजा सिंह, शेषमणि, पीयूष, देवदत्त, अभय, शिवा, प्रिंस, कुलभास्कर आदि उपस्थित रहे।

## नायब नाजिर की तबीयत बिगड़ने पर प्रशासनिक महकमे मे हडकंप, रेफर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील मे तैनात नायब नाजिर की तबीयत शुक्रवार की शाम अचानक बिगड जाने से महकमे मे हडकंप मच गया। एसडीएम पर कथित मारपीट का आरोप लगाने वाले नायब नाजिर सुनील कुमार शर्मा की तबीयत शुक्रवार की शाम अचानक बिगड़ गयी। हालांकि डॉक्टरो ने उसे सांस की तकलीफ का रोगी बताया। नायब नाजिर की तबीयत खराब होने की जानकारी होने पर कर्मचारियों व अफसरो मे हाल के घटनाक्रम के कारण हडकंप मच गया। तहसीलदार तथा एसडीएम व राजस्व महकमे के कर्मचारी ट्रामा सेंटर पहुंचे। ट्रामा सेंटर मे नायब नाजिर का रात भर उपचार हुआ। देर रात जिले के सीएमओ डा. अरविंद श्रीवास्तव भी ट्रामा सेंटर पहुंचे और नायब नाजिर के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। सीएमओ ने भी नायब नाजिर को सांस की तकलीफ से पीड़ित बताया। चिकित्सकों ने शनिवार की सुबह बीमार नायब नाजिर का एक्स-रे भी कराया। इधर ट्रामा सेंटर मे फिजीशियन की तैनाती न होने के कारण चिकित्सको ने दोपहर नायब नाजिर को जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। हालांकि चिकित्सको ने नायब नाजिर के स्वास्थ्य को सामान्य बताया है।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली को सदर विधायक ने किया रवाना

### 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दो अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रस्तावित दस्तक अभियान का आयोजन जनपद में किया जायेगा। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल एवं सुचारू रूप से क्रियान्वयन एवं जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ प्रांगण से विभिन्न विभागों से वाहन रैली जिसमें फागिग मशीन, स्प्रे पम्प, सैनेटाइजेशन वाहन आदि के प्रदर्शन के साथ रैली निकाली गयी।

वाहन रैली के माध्यम से जनमानस को जागरूक करने हेतु विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा हरी झण्डी दिखाकर वाहन रैली का रवाना किया गया। इस दौरान विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल भी उपस्थित हुये। वाहन रैली राजकीय इण्टर कालेज से श्रीराम चैराहा, चैक घण्टाघर, बाबागंज, भंगवा चुंगी, बलीपुर, टेज्जरी चैराहा, पुलिस लाईन होते हुये अम्बेडकर चैराहा पहुॅचकर रैली समाप्त की गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव द्वारा दस्तक/संचारी अभियान से सम्बन्धित शपथ दिलायी गयी और बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत विशेष रूप से बुखार के रोगियों का चिन्हीकरण, क्षय रोगियों, कोरोना से सम्बन्धित रोगियों की जांच एवं चिन्हीकरण किया जाना है।

उद्घाटन रैली में समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम सहित स्वास्थ्य विभाग के सम्बन्धित अधिकारी व पशुपालन, आईसीडीएस, नगर पालिका, शिक्षा विभाग आदि के अधिकारी तथा स्टाफ उपस्थित रहे।

# बेटे से मिलकर लौट रहे दंपति की सड़क हादसे में हुई मौत

## उन्नाव के पास डिवाइडर से टकराई कार, बेटी व ड्राईवर की हालत नाजुक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बेटे से मिलकर लौट रहे दंपति की कार डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। चालक व साथ रही बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पर पहुँची एनएच एंबुलेस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

लालगंज कोतवाली क्षेत्र के नयापुरवा निवासी शम्भू शरन वर्मा (56) व पत्नी उर्मिला (55) का बेटा इंदल वर्मा दिल्ली में रेलवे में कार्यरत है। शंभू शरन पत्नी के साथ बीते बीस मार्च को बेटी ऋचा (20) को लेकर बेटे व बहू से मिलने कार से दिल्ली गए थे। शुक्रवार को सभी लोग घर के लिए लौट रहे थे। शनिवार की सुबह उन्नाव के करीब चालक के नींद आ जाने की वजह से कार डिवाइडर से टकरा गई। कार में सवार शम्भू शरन व उर्मिला की मौत हो गई। साथ में रही बेटी व चालक नागेंद्र वर्मा घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एनएच एंबुलेस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी पहुंच गए। वहीं घटना को लेकर परिजनों का बुरा हाल हो गया है।

## अवैध वाहनों के खिलाफ कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

### रेलवे स्टेशन परिसर में बिना अनुमति सवारी भरने पर आरपीएफ की कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बिना अनुमति रेलवे परिसर में घुसकर सवारी भरने वाले वाहनों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल ने अभियान चलाकर शनिवार को टेंपो और ई रिक्शा के तीन चालकों को गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ रेलवे एक्ट की कार्रवाई की।

टेंपो, ईरिक्शा जीप और बुलेरो वाले बिना परमिशन के रेलवे परिसर, पोर्टिको और दियांग गेट पर अपने वाहन खड़ाकर सवारी भरने का काम करते हैं। इनके द्वारा परिसर में अतिक्रमण किए जाने से जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। खामियाजा मुसाफिर को भुगतना पड़ता है। हद तो तब हो गई जब दोनो रेलवे पुलिस के चहेते वाहनों के ड्राइवर सवारी के चक्कर में बिना किसी डर भय के प्लेटफॉर्म के अंदर घुसने लगे और यात्रियों को ट्रोल करने लगे। उनके मन मुताबिक सवारी तैयार नहीं हुई तो वे उसके साथ बदतमीजी से पेश आने लगे। शुक्रवार को यात्रियों ने इसकी शिकायत स्टेशन अधीक्षक शमीम से कर दी। उन्होंने इस मामले को उच्च अधिकारियों तक पहुंचा। आरपीएफ को इनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा। इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। नतीजा यह रहा कि अधिकारियों की फटकार के बाद दूसरे दिन शनिवार को आरपीएफ को मजबूरन अवैध वाहनों के खिलाफ अभियान चलाना पड़ा। सहायक उपनिरीक्षक ने बताया कि तीन ड्राइवरों के खिलाफ रेलवे एक्ट 144,145 में कार्रवाई की गई है।

### चकमार्ग काटने के बाद जान से मारने की धमकी दे रहे आरोपी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आरोपियों द्वारा चकमार्ग काटने के बाद पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने इस संबंध में मंगरौरा चैकी इंचार्ज को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पट्टी तहसील अंतर्गत समसा का पुरवा थाना कंधई के अंतर्गत एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उसके गांव के अमित कुमार ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग उसके घर के सामने बने हुए चकरोड को काटकर के जबरन अपने खेत में मिला रहे हैं।

## दलित महिला की पिटाई, आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दलित महिला की पिटाई को लेकर शुक्रवार की रात सीओ की फटकार पर केस दर्ज किया है। कोतवाली के मोठिन निवासी पन्ना लाल की पुत्री सुमन सोनकर ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तेरह मार्च को छह बजे शाम गोपालपुर निवासी पुटटू पुत्र भगौती तथा बुदुन पुत्र वर्मा पटेल व गुड़िया ने उसे जातिसूचक शब्दों से गाली दी। आरोपियों ने शोर मचाने पर पीड़िता को लाठी डंडे से मारापीटा। आरोपी जानलेवा धमकी देते मौके से भाग निकले। पीड़िता ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। मुकदमा दर्ज करने मे हो रही हीला-हवाली से परेशान पीड़िता ने सीओ रामसूरत सोनकर से मिलकर आपबीती सुनाई। सीओ की फटकार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा मारपीट व गाली-गलौज एवं जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है।

# फिर दिखा तेज रफ्तार का कहर दो युवकों की दर्दनाक मौत

## नवरात्रि पर्व पर मां शीतला धाम गंगा स्नान करने जा रहे युवकों को अज्ञात वाहन ने कुचला

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा/कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू पुलिस चौकी अन्तर्गत जीजीआईसी मोड़ के पास गंगा स्नान करने जा रहे बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया है जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर आसपास के ग्रामीणों और राहगीर की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके



पर पहुंची पुलिस ने मृतक दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे के बाद वाहन चालक वाहन समेत फरार बताया जाता है।

जानकारी के अनुसार महेवा घाट थाना क्षेत्र के बड़ी अढौली गांव निवासी लालचन्द्र उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्र छेदी लाल वा चंद्रशेखर उम्र 38 वर्ष पुत्र रामभवन के साथ बाइक से कड़ा गंगा स्नान वा कड़ा शक्ति पीठ के शीतला माता के दर्शन करने जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार दोनों लोग सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू चौकी अन्तर्गत जीजीआईसी मोड़ पर पहुँचे कि अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मारते हुए कुचल दिया मौके पर रहे राहगीरों और क्षेत्रीय पुलिस दोनों को स्थानीय अस्पताल ले जा रहे थे जिनकी रास्ते में ही मौत हो गई है पुलिस ने दोनो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है हादसे की जानकारी जैसे ही मृतकों के घर पहुंची कोहराम मच गया है

## राज्य शतरंज प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन कौशांबी एवम टी.आर. एस इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में अंडर 18 राज्य शतरंज चयन प्रतियोगिता बालक एवम बालिका का आयोजन टी आर. एस इंटरनेशनल स्कूल,पावर हाऊस फकीराबाद, सराय अकिल में 08 अप्रैल से 10 अप्रैल तक आयोजित होगी। सचिव राघवेंद्र शुक्ला ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के समस्त जनपदों से खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे तथा चयनित होने वाले प्रथम 2 बालक एवम प्रथम 2 बालिका खिलाड़ी नेशनल शतरंज चैंपियनशिप वद्म18 बालक एवम बालिका जो की तमिलनाडु के कोयम्बतूर में होने जा रही है उसमे उत्तर प्रदेश की शतरंज टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे इस प्रतियोगिता में राज्य और जिले के किसी भी गांव और नगर के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए अन्य जानकारी हेतु राघवेंद्र शुक्ला आयोजन सचिव से सम्पर्क कर सकते हैं।

# श्रद्धांजलि व शोक सभा का आयोजन कर मृत्यु भोज का किया बहिष्कार

## समाज मे कुरीति की तरह फैला है तेरहवीं भोज/मृत्यु भोज : प्रीतम पटेल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** वरिष्ठ समाजसेवी एवम अपना दल कमेरावादी के शहर पश्चिमी प्रयागराज विधानसभा अध्यक्ष प्रीतम पटेल के पूज्य बाबूजी डॉ. विजय बहादुर सिंह पटेल का देहांत दिनांक 19 मार्च 2022 को हो गया था समाज मे फैली कुरीति तेरहवी भोज (ब्राह्मण भोज) का बहिष्कार करते हुए आज दिनांक 30 मार्च 2022 को प्रीतम पटेल ने स्वर्गीय डॉ. विजय बहादुर सिंह पटेल की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि व शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें समाज के अनेकों गणमान्य सज्जनों ने उपस्थित होकर डॉ विजय बहादुर सिंह पटेल के फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया और सामाजिक कुरीति तेरहवी भोज के बहिष्कार पर प्रीतम पटेल की प्रसंशा किया।




श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, एमएलसी मान सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य नेपाल सिंह पटेल , साजिद अली , दूधनाथ पटेल ,लाल चंद्र पटेल ,विनय सिंह पटेल, साथी मिशन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी इंजी०सुनील सिंह, ज्ञानेंद्र उमराव, अजय पटेल, अध्यापक अरुण पटेल, पूर्व प्रमुख अमित सिंह, मैनेजर ब्रजेश्वर सिंह, रमाकांत सिंह, मिसबाउल ऐन, अपना दल एस जिलाध्यक्ष देवनारायण पटेल, भानुप्रताप सिंह, मैकूलाल पटेल कमेरावादी, राजकरन पटेल प्रधान, वीरेन्द्र केशरवानी, राजेश कुशवाहा, अधिवक्ता बुद्धिसागर, देशराज पटेल (क्षेत्र पंचायत सदस्य) के साथ साथ अनेकों संभ्रांत लोग उपस्थित रहे

# डीएम ने की पीएम स्वनिधि योजना की बैठक

## डीएम ने नाराजगी प्रकट करते हुए पीओ डूंडा एवं सभी ईओ को लम्बित ऋण आवेदनों को 2 दिन में निस्तारित करने के निर्देश दिये

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में पीएम स्वनिधि योजना के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी पीओ डूडा व समस्त ईओ एवं बैंको के साथ समीक्षा बैठक की गयी बैठक में जिलाधिकारी ने पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत प्राप्त ऋण आवेदनों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवेदन लम्बित पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए पीओ डूंडा एवं सभी ईओ को लम्बित ऋण



आवेदनों को निस्तारित कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने बैंको से कहा कि सभी आवेदनों को आगामी 02 दिन के अन्दर निस्तारित कर दिया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी आवेदन लम्बित न होने पाये एवं पोर्टल पर भी अपडेट कर दिया जाय जनपद मे पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत अब तक कुल-3333 ऋण आवेदकों को लाभान्वित किया जा चुका है

## सीएम के स्कूल चलो अभियान का प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में होगा सजीव प्रसारण

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 04 अप्रैल 2022 को प्रातः 10 बजे जनपद श्रावस्ती से ह्लस्कूल चलो अभियानह्व का शुभारम्भ किया जायेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बेसिक शिक्षा परिषद के आधीन संचालित कक्षा-01 से 08 तक के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के अधिकाधिक नामांकन को प्रोत्साहन तथा नामांकन कराया जाना है इस कार्यक्रम का जनपद कौशाम्बी के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सजीव प्रसारण किया जायेगा तथा जनपद स्तर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय, कादीपुर में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। ह्लस्कूल चलों अभियानह्व के अन्तर्गत विद्यालयों में नामांकन हेतु अर्ह किन्तु विद्यालयों में नामांकित न होने वाले बच्चों की पहचान के लिए हाउस होल्ड सर्वे किया जायेगा। प्रत्येक विकास खण्ड, ग्राम, मोहल्ला/वार्ड को इससे आच्छादित किया जायेगा तथा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कोई घर छूटने न पाये। हाउस होल्ड सर्वे प्राथमतः ऐसी बस्तियों में किया जायेगा, जहां कठिन परिस्थितियों में अपवंचित वर्ग के बच्चे निवास कर रहें हैं। सर्वक्षण का कार्य दिनांक 02 अप्रैल से 30 अप्रैल तक की अवधिमें पूर्ण किया जायेगा

## रोक के बावजूद खुली रही मीट की दुकानें

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने नवरात्रि के पर्व पर 9 दिनों तक मीट की दुकानों को बंद करने का निर्देश दिया है लेकिन उसके बाद भी जनपद मुख्यालय मंझनपुर सहित जिले के विभिन्न कस्बों भरवारी सिराथू करारी सराय अकिल चायल चरवा पश्चिम सरीरा मूरतगंज अझुवा मनौरी देवीगंज सैनी सहित विभिन्न चौराहे और कस्बो में मीट दुकानें खुली रहीं जहां ग्राहकों की भीड़ लगी रही जिले में योगी सरकार के निर्देश का कड़ाई से पालन होता नहीं दिख रहा है

# चाँद के दीदार के साथ शुरू हुआ रमजान का महीना

**अखंड भारत संदेश**

**इमामगंज, कौशाम्बी।** रमजान का बरकत और रहमत वाला महीना शुरू हो गया है शहर काजी मुफ़्ती खुशनूद आलम एहसानी रजवी ने बताया की शाबान की 29 तारिख को मगरिब के बाद रमजान का चाँद नजर आ गया है. अतः एलान किया जाता है की 3 अप्रैल रविवार से रमजानुल मुबारक की पहली तारिख है उन्होंने कुरान शरीफ सूरह बकरा आयत 183 के हवाले से बताया की अल्लाह ने कुरान में फरमाया की ऐ इमान वालों तुम पर रोजे फर्ज (खुदा की तरफ से अनिवार्य)किये गए` और हदीस में है हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फरमाया :अगर बन्दों को मालूम होता कि रमजान क्या चीज है तो मेरी उम्मत तमन्ना (इच्छा) करती कि पूरा साल रमजान ही हो और हदीस की प्रसिद्ध किताब नसई शरीफ, भाग 1, पृष्ठ संख्या 308 में हदीस है की हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फरमाया (कहा ): जिसने ईमान और सवाब (पुण्य ) की नियत के साथ रमजान के रोजे रखे वह पापों से इस तरह पाक (साफ) हो जाता है जैसे अभी माँ के पेट से पैदा हुआ हो

# पुलिस चौकी और उसके आसपास की सरकारी भूमि नहीं है सुरक्षित

## खाद्य एवं रसद विभाग के गोदाम बनाए जाए जाने के लिए सरकारी अभिलेखों में दर्ज है 7 बीघा जमीन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के बिसारा टावर के पास साढ़े सात बीघा से अधिक सरकारी भूमि पर लेखपाल और प्रधान की सांठगांठ से अवैध कब्जा हो रहा है मंझनपुर भरवारी मुख्य रोड पर स्थित इस जमीन की कीमत करोड़ों में बताई जाती है इसी सरकारी भूमि के एक हिस्से पर सिंघिया पुलिस चौकी का निर्माण प्रस्तावित है महकमे ने भवन निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भी भेजा है लेकिन शासन से पुलिस चौकी निर्माण का धन ना मिलने से पुलिस चौकी निर्माण अधर में लटका हुआ है और इसी भूमि पर खाद एवं रसद विभाग के गोदाम बनाए जाने के लिए 7 बीघा जमीन विभाग को सौंप दी गई है लेकिन विभागीय उपेक्षा के चलते वह अपनी जमीन भूल गए हैं अवैध कब्जा धारकों के चलते जमीन का दो तिहाई हिस्सा कब्जे का शिकार हो चुका है प्रबंधन समिति के जिम्मेदार अवैध कब्जा धारकों से धनादोहन कर उन्हें सरकारी जमीन में कब्जा करने की छूट दे रहे हैं कई बार ग्रामीणों ने



सरकारी भूमि पर बीते कई वर्षों से अवैध कब्जे हो रहे हैं भू प्रबंधन समिति के जिम्मेदार मूक सहमति दे रहे हैं चचाओं पर जाएं तो भूमि मामले की शिकायत तहसील प्रशासन से की लेकिन जांच के नाम पर लेखपाल से आख्या मांगी जाती है और लेखपाल की भूमिका संदिग्ध है जिससे आला अधिकारियों को गुमराह करके झूठी रिपोर्ट प्रेषित करके लेखपाल शिकायती पत्रों का निस्तारण करा देता है जिससे अवैध कब्जा धारकों के हौसले बुलंद हैं और बार-बार शिकायत के बाद भी अवैध कब्जा धारकों को बेदखल नहीं किया गया है प्रत्येक महीने अतिक्रमण समिति की बैठक में भी इस अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त बता कर शासन को झूठी रिपोर्ट भेजी जा रही है जो सरकारी जमीन की सुरक्षा पर बड़ा सवाल है

गौरतलब है कि सिराथू तहसील क्षेत्र के बिसरा गांव की सरकारी भूमि खाता संख्या 1027 में 14 बिस्वा जमीन सिंधिया पुलिस चौकी के नाम अभिलेखों में दर्ज है इसी ग्राम सभा के खाता संख्या 223 पर 7 बीघा जमीन खाद एवं रसद विभाग के गोदाम हेतु अभिलेखों में दर्ज है लेकिन उक्त दोनों सरकारी भूमि पर सरकारी विभाग का कब्जा नहीं हो सका ग्राम प्रधान लेखपाल के साठगांठ से अवैध कब्जा धारक भवन निर्माण कर रहे हैं कई लोगों के पूर्व में भवन बन चुके हैं खाद्य एवं रसद विभाग के लोग गोदाम के लिए अधिग्रहित भूमि को भूल कर बैठे हैं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में यदि शासन प्रशासन ने मामले को संज्ञान लेकर कार्यवाही की तो कई अवैध कब्जा धारकों के भवन पर योगी सरकार का बुलडोजर चल सकता है लेकिन क्या अवैध कब्जा धारकों पर योगी सरकार का बुलडोजर चलेगा यह जिले की व्यवस्था पर बड़ा सवाल है

# संदिग्ध परिस्थितियों में बालिका की मौत

## बीते वर्ष गैंगरेप की शिकार हुई थी बालिका

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के म्योहर गांव के मजरा गडरियन के पुरवा की एक बालिका की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बीते वर्ष बालिका के साथ गैंगरेप की घटना हुई थी जिसके आरोपी जेल में बंद है

घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के म्योहर गांव के मजरा गड़ाडियन के पुरवा निवासी रानू उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्री अमरलाल बीते वर्ष अपनी रिश्तेदारी कनैली गांव में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार हुई थी मामले में 4 आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है शुक्रवार को अपने परिजनों के साथ बालिका किसी मामले को लेकर पुलिस चौकी अर्का गई थी लेकिन पुलिस से बालिका को न्याय नहीं मिला पूरे दिन पुलिस चौकी में बालिका न्याय की भीख मांगती रही लेकिन पुलिस ने उसकी नहीं सुनी परिजनों के मुताबिक पुलिस चौकी से वापस लौटने के बाद देर शाम बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है जैसे ही परिजनों को बालिका की मौत की जानकारी हुई मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालिका की मौत ने अपने पीछे तमाम अनसुलझे सवाल छोड़ दिए हैं।

## रहस्य मय परिस्थितियों में युवती गायब

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के रकस्वारा गांव से रहस्यमय परिस्थितियों में एक युवती 30 मार्च को गायब हो गई है मामले की तहरीर परिजनों ने करारी पुलिस को देते हुए बताया कि युवती बोल नहीं सकती है और जन्म से गूंगी है पुलिस युवती को खोजने का प्रयास कर रही है जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के रकस्वारा गांव निवासी माया देवी उम्र 25 वर्ष पुत्री छोटेलाल की शादी मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मंडूकी गांव में मलखान सिंह के साथ हुई थी डेढ़ महीने पहले युवती अपने मायके रकस्वारा गांव गई थी 30 मार्च को युवती शौच क्रिया के लिए घर से खेतों की ओर गई लेकिन वापस नहीं लौट सकी काफी देर तक युवती के वापस न लौटने पर परिजन परेशान हो उठे और उन्होंने मामले में शिकायती पत्र देते हुए करारी पुलिस को बताया कि युवती माया देवी जन्मजात गूंगी है और वह बोल नहीं सकती है 30 मार्च को युवती गायब हो गई है।

## रिश्तेदारी आया युवक बालिका को लेकर हुआ फरार

**अखंड भारत संदेश**

कौशांबी कोखराज थाना क्षेत्र के सईगंज गांव में रिश्तेदारी में आया एक युवक रिश्तेदार की बालिका को लेकर फरार हो गया है मामले की शिकायत बालिका के पिता ने कोखराज पुलिस से की है जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है घटना क्रम में बताया जाता है कि मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कोडड गांव निवासी दिवाकर त्रिपाठी पुत्र रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी की रिश्तेदारी कोखराज थाना क्षेत्र के सईगंज में है कुछ दिनों पहले दिवाकर त्रिपाठी अपनी रिश्तेदारी सईगंज गए थे जहां रिश्तेदार की लड़की से उन्हें प्यार हो गया पारिवारिक बंदिशों के चलते दोनों के प्रेम प्रसंग में बाधा पड़ रही थी जिसके चलते 29 मार्च को युवक बालिका को लेकर घर से फरार हो गया है बालिका के गायब होने पर परिजनों ने मामले की सूचना कोखराज पुलिस को दी है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है

## शिक्षक से ठगी का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य तेजी से सक्रिय हैं एक दो मामले का खुलासा कर पुलिस अधिकारी वाहवाही लूट लेते हैं जबकि दर्जनों लोग ठगी के शिकार खुलासे के लिए पुलिस कार्यालय का चक्कर लगाते रह जाते हैं मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के सैदनपुर में तैनात शिक्षक शिव सेवक को विधानसभा चुनाव के बीएलओ ड्यूटी पर लगाया गया था ड्यूटी के दौरान उनसे बीएलओ एनीडेस्क ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा गया फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह निर्वाचन कार्यालय से बोल रहा है चुनाव का समय होने के चलते शिक्षक ने उसका भरोसा किया और एप डाउनलोड कर दिया ऐप डाउनलोड करते ही उनके खाते से 35 हजार रुपए से अधिक की रकम बैंक खाते से गायब हो गयी जब उन्हें बैंक खाते से रकम गायब की जानकारी मिली तो उनके होश उड़ गए बैंक खाते से ऑनलाइन ठगी कर 35 हजार से अधिक की रकम निकालने की जानकारी होते ही शिक्षक ने पुलिस का दरवाजा खटखटाना शुरू किया मामला धीरे-धीरे 2 महीने से अधिक बीत गए है।

## मार्च में वितरित किये जाने वाले गरीब कल्याण अन्न योजना का खाद्यान्न का वितरण 02 अप्रैल से

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलापूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने जनपद के समस्त कार्डधारकों को सूचित किया है कि जनपद में माह मार्च 2022 के सापेक्ष वितरित किये जाने वाले प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत खाद्यान्न का वितरण 02 अप्रैल से 10 अप्रैल 2022 तक किया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 05 किलोग्राम खाद्यान्न (03 किलोग्राम गेहू एवं 02 किलोग्राम चावल) वितरित किया जाएगा माह अप्रैल 2022 में भी 02 बार निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण कार्डधारकों में किया जायेगा जिलापूर्ति अधिकारी ने बताया है कि वितरण को पारदर्शी बनाने हेतु प्रत्येक उचित दर दुकान पर नोडल अधिकारियों की तैनाती की गयी है। ई-पॉस मशीनों से वितरण प्रत्येक दिवस प्रातः 06 बजे से रात्रि 09 बजे तक किया जायेगा। किसी कार्डधारक को राशन प्राप्त करने में यदि असुविधा होती है तो इसके लिए सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पूर्ति निरीक्षक से सम्पर्क कर सकतें हैं। वितरण से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान हेतु उनके मोबाइल नम्बर- 7839564632, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मझनपुर चायल 7355395814 क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सिराथू 7007172381 पूर्ति निरीक्षक चायल नेवादा 9451572412, पूर्ति निरीक्षक सरसवां 9473957809, पूर्ति निरीक्षक कौशाम्बी 9473525538 तथा पूर्ति निरीक्षक कडा 9161131301 पर सम्पर्क किया जा सकता।

## 21204 निराश्रित महिलाओ को अनुदान से किया जा रहा लाभान्वित

**कौशाम्बी।** उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला अनुदान (विधवा पेंशन ) के अन्तर्गत महिलाओं को 1000/-प्रतिमाह की दर से अनुदान धनराशि पीएफएमएस के माध्यम से उनके खाते में हस्तान्तरित किया जा रहा है।

जनपद कौशाम्बी में निराश्रित महिला अनुदान (विधवा पेंशन ) के तहत कुल-21204 लाभार्थियों के खातों में रू0-1000/-प्रतिमाह की दर से अनुदान धनराशि सीधे ऑनलाइन खाते में हस्तान्तरित की जा रही हैं। इस योजना के अन्तर्गत ऐसी महिलाओं को पेंशन प्रदान की जाती है, जिनके पति की मृत्यु हो चुकी हो तथा आवेदिका की आयु 18 वर्श से कम न हो, तथा बालिग पुत्र, पौत्र न हों, यदि हों तो भरण पोषण करने में असमर्थ हों तथा आवेदिका के परिवार की वार्षिक आय 02 लाख से अधिक न होने पर लाभान्वित किया जाता है

# कलश स्थापना के साथ घर-घर पूजी गई मां दुर्गा

## गंगा स्नान कर देवी मंदिरों में माँ के भक्तों ने चढ़ाया जल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** नवरात्रि के पावन पर्व पर पूरे जिले में भक्त मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो गए हैं चारों और मां के जयकारे लग रहे हैं मंदिर में घंटा घड़ियाल शंख कीर्तन भजन की आवाज सुनाई पड़ रही है चारों और मां का जयकारा हो रहा है शनिवार को सुबह से ही मां के भक्तों ने गंगा यमुना नदी में स्नान कर देवी मंदिरों में मां को जल चढ़ाया है देवी मंदिरों में सुबह से महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ लग गई देवी मंदिरों में देर शाम तक लगातार



भक्तों का मेला लगा रहा कड़ा धाम स्थित सिद्धपीठ मां शीतला माता के मंदिर में सुबह से ही महिला पुरुष भक्त की भारी भीड़ मां के दर्शन पाने को आतुर रही इसी तरह मंझनपुर कस्बा स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में भी सुबह से महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ लगी रही मां का दर्शन पाने के लिए भक्त लालायित रहे नवरात्र के प्रथम दिन घर-घर में कलश स्थापना कर मां के भक्तों ने मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा की नवरात्रि के पावन पर्व के चलते विभिन्न गंगा और यमुना नदी के विभिन्न घाटों में गंगा यमुना स्नान करने वाले भक्तों की भीड़ लगी रही जिससे प्रमुख चौराहों पर जाम की स्थिति भी बनी रही

# चौकी इंचार्ज ने कहा पिता पुत्र को हाजिर करो वरना मार देंगे गोली

## पूर्व से गंभीर घटनाओं के आरोपी चौकी इंचार्ज को नहीं किया गया था जिम्मेदारियों से मुक्त

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा, कौशांबी।** दागी पुलिस जनों को जिम्मेदारी के पद ना देने का निर्देश लगातार आला अधिकारी दे रहे हैं लेकिन दागी पुलिस जनों को जिम्मेदारियां देकर उनसे आम जनता की सुरक्षा की उम्मीद लगाए पुलिस आला अधिकारियों की कसौटी पर एक बार फिर चौकी इंचार्ज खरे नहीं उतरे हैं चौकी इंचार्ज की करतूत ने एक बार फिर पूरी पुलिस वर्दी को शर्मसार कर दिया है लेकिन घटना को 48 घंटे बीत जाने के बाद भी दागी चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई नहीं हो सकी है चौकी इंचार्ज का वीडियो वायरल होते ही चौकी इंचार्ज मोबाइल स्विच ऑफ कर भूमिगत हो गए हैं और उनके सिपाहियों का कहना है कि वह भोपाल चले गए हैं चौकी इंचार्ज द्वारा धमकी दिए जाने के बाद परिजन सहमे हैं और आला अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर चौकी इचार्ज पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं मामला सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा पुलिस चौकी इंचार्ज का है

सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बे की एक बालिका बीते दिन गायब हो गयी बालिका के परिजनों ने कस्बे के एक युवक पर बालिका को प्रेम प्रसंग में लेकर फरार हो जाने का आरोप लगाया जिस पर पुलिस युवक के घर पहुँची घर में युवक नहीं मिला पहले तो पुलिस ने युवक को हाजिर करने का निर्देश परिजनों को दिया लेकिन युवक हाजिर नहीं हो सका जिस पर 31 मार्च की रात्रि चौकी इंचार्ज अझुवा बृजेंद्र सिंह युवक के घर पहुंचे घर पर उस समय बालिकाएं मौजूद थी पुलिस ने बालिकाओं से पिता-पुत्र को पूछा जिस पर बालिकाओं ने कहा कि दोनों घर पर नहीं है इससे चौकी इंचार्ज आपा खो बैठे और उन्होंने बालिकाओं को धमकी देते हुए कहा कि पिता पुत्र को हाजिर कर दो वरना पूरे परिवार को जिंदा गाड़ देंगे इतने पर भी चौकी इंचार्ज का क्रोध खत्म नहीं हुआ उन्होंने कहा कि नहीं तो पूरे परिवार को गोली मार देंगे चौकी इंचार्ज का यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिससे एक बार फिर योगी की पुलिस की किरकिरी हो रही है बताया जाता है कि गोली मार देने की धमकी देने वाले चौकी इंचार्ज पर पहले भी आतंक अत्याचार का आरोप लग चुका है मामले में पूर्व से चौकी इंचार्ज पर गंभीर धाराओं में मुकदमा भी दर्ज है लेकिन दागी चौकी इंचार्ज से चौकी की कमान पुलिस कप्तान नहीं छीन सके थे जिससे चौकी इंचार्ज ने एक बार फिर पुलिस वर्दी को शर्मसार कर दिया है वायरल हो रहे वीडियो के संबंध में चौकी इंचार्ज से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ रहा सिपाही ने बताया कि साहब भोपाल चले गए हैं

## संपादकीय

# भौतिक संसार पंचमहाभूतों से बना

**भारत** के ऋषियों ने प्रकृति में भव्यता का प्रत्यक्ष अनुभव किया। उसे भव्य मानते हुए प्रणाम किया। चरक संहिता में कहा गया है- यथा ब्रह्माण्डे तथा पिण्डे। अर्थात जो इस ब्रह्माण्ड में है वही सब हमारे शरीर में भी है। भौतिक संसार पंचमहाभूतों से बना है। ये हैं-आकाश, वायु, अग्नि,जल और पृथ्वी। उसी प्रकार हमारा यह शरीर भी इन्हीं पांचों महाभूतों से बना है। इस प्रकार ब्रह्माण्ड और शरीर में समानता है। स्थूल और सूक्ष्म की दृष्टि से ही अंतर है। प्रकृति और पुरुष में समानता है।

चरक संहिता में यह भी कहा गया है -

**यावन्तो हि लोके मूर्तिमन्तो भावविशेषाः।**
**तावन्तः पुरुषे यावन्तः पुरुषे तावन्तो लोके॥**

अर्थात ब्रह्माण्ड में चेतनता है। मनुष्य भी चेतन है। पंचमहाभूतों के सभी गुण मनुष्य में हैं। प्रकृति में सन्धिकाल का विशेष महत्व है। वर्ष और दिवस में दो संधिकाल महत्वपूर्ण होते हैं। दिवस में सूर्योदय व सूर्यास्त के समय संधिकाल कहा जाता है। सूर्योदय के समय अंधकार विलीन होने लगता है,उसके स्थान पर प्रकाश आता है। सूर्यास्त के समय इसकी विपरीत स्थिति होती है। भारतीय चिंतन में इस संधिकाल में उपासना करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त वर्ष में दो संधिकाल होते है। इसमें मौसम का बदलाव होता है। ऋतु के समय संयम से स्वास्थ भी ठीक रहता है। नवरात्र आराधना भी वर्ष में दो बार इन्हीं संधिकाल में आयोजित होती है। यह शक्ति आराधना का पर्व है। इसी के अनुरूप संयम नियम की भी आवश्यकता होती है। देश के 51 शक्तिपीठ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देते है। नवरात्र का आगाज हो गया है। मां दुर्गा का प्रथम रूप है शैल पुत्री। पर्वतराज हिमालय के यहां जन्म होने से इन्हें शैल पुत्री कहा जाता है। नवरात्रि की प्रथम तिथि को शैलपुत्री की पूजा की जाती है। ब्रह्मचारिणी मां दुर्गा का दूसरा रूप ब्रह्मचारिणी है। इनकी उपासना से तप,त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की भावना जागृत होती है। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप चंद्रघंटा है। इनकी आराधना तृतीया को की जाती है। चतुर्थी के दिन मां कुष्मांडा की आराधना की जाती है। नवरात्रि का पांचवां दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। मां का छठवां रूप कात्यायनी है। छठे दिन इनकी पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्रि की सप्तमी के दिन मां काली की रात्रि आराधना का विधान है। देवी का आठवां रूप मां गौरी है। इनका अष्टमी के दिन पूजन का विधान है। मां सिद्धिदात्री की आराधना नवरात्रि की नवमी के दिन की जाती है। मां जगदम्बा वाणीरूपा हैं। वही वाणी,बुद्धि, विद्या प्रदायिनी भी है। देवी दुर्गा का यह दूसरा रूप भक्तों एवं सिद्धों को अमोघ फल देता है। देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम की वृद्धि होती है। माता ब्रह्मचारिणी की पूजा और साधना करने से कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है। ऐसा भक्त इसलिए करते हैं ताकि मां ब्रह्मचारिणी की कृपा से उनका जीवन सफल हो सके और अपने सामने आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा का सामना आसानी से कर सकें। नवरात्र के दूसरे दिन माता के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा की जाती है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली अर्थात तप का आचरण करने वाली मां ब्रह्मचारिणी।

# गणगौर: राजस्थान की उत्सव संस्कृति का पर्व

ललित गर्ग

गणगौर का पर्व दायित्वबोध की चेतना का संदेश हैं। इसमें नारी की अनगिनत जिम्मेदारियों के सूत्र गुम्फित होते हैं। यह पर्व उन चौराहों पर पहरा देता है जहां से जीवन आदर्शों के भटकाव की संभावनाएं हैं, यह उन आकांक्षाओं को थामता है जिनकी गति तो बहुत तेज होती है पर जो बिना उद्देश्य बेतहाशा दौड़ती है। यह पर्व नारी को शक्तिशाली और संस्कारी बनाने का अनूठा माध्यम है। वैयक्तिक स्वार्थों को एक ओर रखकर औरों को सुख बांटने और दुःख बटोरने की मनोवृत्ति का संदेश है। गणगौर कोरा कुंआरी कन्याओं या नवविवाहिताओं का ही त्यौहार ही नहीं है अपितु संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं को प्रेम और एकता में बांधने का निष्ठासूत्र है

**राजस्थान** की उत्सव संस्कृति जहां समृद्ध है वहीं उसमें जीवन के रंग, कला, शौर्य, पराक्रम एवं बलिदान की भावना देखने को मिलती है। यहां का सिरमौर पर्व है गणगौर। इस पर्व में राजस्थान की बहुरंगी संस्कृति, शौर्य और भावों का एक साथ मिलन देखने को मिलता है। एक से बढ़कर एक अद्भुत और अविस्मरणीय संस्कृति के रंग इस पर्व से जुड़े हैं, जो कला और संस्कृति की समृद्धि को सुशोभित करते हैं, जिससे राजस्थानी महिलाओं का जीवन रंग संस्कृति और उत्सव से भरा हुआ दिखाई पड़ता है। गणगौर मेले का आयोजन भी महिलाओं एवं कन्याओं की मस्ती के साथ और मस्ती के लिए किया जाता है।



गणगौर का त्यौहार सदियों पुराना हैं। हर युग में कुंआरी कन्याओं एवं नवविवाहिताओं का अपितु संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं का गहरा संबंध इस पर्व से जुड़ा रहा है। यद्यपि इसे सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मान्यता प्राप्त है किन्तु जीवन मूल्यों की सुरक्षा एवं वैवाहिक जीवन की सुदृढ़ता में यह एक सार्थक प्रेरणा भी बना है। गणगौर शब्द का गौरव अंतहीन पवित्र दाम्पत्य जीवन की खुशहाली से जुड़ा है। कुंआरी कन्याएं अच्छा पति पाने के लिए और नवविवाहिताएं अखंड सौभाग्य की कामना के लिए यह त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाती हैं, व्रत करती हैं, सज-धज कर सोलह श्रृंगार के साथ गणगौर की पूजा की शुरूआत करती है। पति और पत्नी के रिश्तें को यह फौलादी सी मजबूती देने वाला त्यौहार है, वहीं कुंआरी कन्याओं के लिए आदर्श वर की इच्छा पूरी करने का मनोकामना पर्व है। यह पर्व आदर्शों की ऊंची मीनार है, सांस्कृतिक परम्पराओं की अद्वितीय कड़ी है एवं रीति-रिवाजों का मान है। गणगौर का त्यौहार होली के दूसरे दिन से ही आरंभ हो जाता है जो पूरे अठारह दिन तक लगातार चलता है। चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से कुंआरी कन्याएं और नवविवाहिताएं प्रतिदिन गणगौर पूजती हैं, वे चैत्र शुक्ला द्वितीया (सिंजारे) के दिन किसी नदी, तालाब या सरोवर पर जाकर अपनी पूजी हुई गणगौरों को पानी पिलाती हैं और दूसरे दिन सायंकाल के समय उनका विसर्जन कर देती हैं। अठारह दिनों तक चलने वाले इस त्यौहार में होली की राख से सोलह पीण्डियां बनाकर पाटे पर स्थापित कर आस-पास ज्वारे बोए जाते हैं। ईसर अर्थात शिव रूप में गण और गौर रूप में पार्वती को स्थापित कर उनकी पूजा की जाती है। मिट्टी से बने कलात्मक रंग-रंगीले ईसर गण-गौर झुले में झुलाए जाते हैं। सायंकाल बींद-बींनणी बनकर बागों में या मोहल्लों में रंग-बिरंगे परिधान, आभूषणों में किशोरियां और नवविवाहिताएं आमोद-प्रमोद के साथ घूमर नृत्य करती हैं, आरतियां गाती हैं, गौर पूजन के गीत गाकर खुश होती हैं। जल, रोली, मौली, काजल, मेहंदी, बिंदी, फूल, पत्ते, दूध, पाठे, हाथों में लेकर वे कामना करती हैं कि हम भाई को लड्डू देंगे, भाई हमें चुनरी देगा, हम गौर को चुनरी धारण करायेंगे, गौर हमें मनमाफिक सौभाग्य देगी। गणगौर त्यौहार विशेषतः पश्चिम भारत खासतौर से राजस्थान, गुजरात, निमाड़-मालवा में मनाया जाता है। इस पर्व को मनाने के अलग-अलग जगह के अलग-अलग तरीके हैं। कन्याएं कलश को सिर पर रखकर घर से निकलती हैं तथा किसी मनोहर स्थान पर उन कलशों को रखकर इर्द-गिर्द घूमर लेती हैं। जोधपुर में लोटियों का मेला लगता है। वस्त्र और आभूषणों से सजी-धजी, कलापूर्ण लोटियों की मीनार को सिर पर रखे, हजारों की संख्या में गाती हुई नारियों के स्वर से जोधपुर का पूरा बाजार गूंज उठता है।नाथद्वारा में सात दिन तक लगातार सवारी निकलती है। सवारी में भाग लेने वाले व्यक्तियों की पोशाक भी उस रंग की होती है जिस रंग की गणगौर की पोशाक होती है। सात दिन तक अलग-अलग रंग की पोशाक पहनी जाती हैं। आम जनता के वस्त्र गणगौर के अवसर पर निःशुल्क रंगे जाते हैं। उदयपुर में गणगौर की नाव प्रसिद्ध है। जयपुर में त्रिपोलिया गेट से आज भी राजशाही तरीके से गणगौर की सवारी अतीत की परम्परा को जीवंत करती है। इस प्रकार पूरे राजस्थान में गणगौर उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

नाचना और गाना तो इस त्यौहार का मुख्य अंग है ही। घरों के आंगन में, सालेड़ा आदि नाच की धूम मची रहती है। परदेश गए हुए इस त्यौहार पर घर लौट आते हैं। जो नहीं आते हैं उनकी बड़ी आतुरता से प्रतीक्षा की जाती है। आशा रहती है कि गणगौर की रात को जरूर आयेंगे। झुंझलाहट, आह्लाद और आशा भरी प्रतीक्षा की मीठी पीड़ा को व्यक्त करने का साधन नारी के पास केवल उनके गीत हैं। ये गीत उनकी मानसिक दशा के बोलते चित्र हैं।

गणगौर का पर्व दायित्वबोध की चेतना का संदेश हैं। इसमें नारी की अनगिनत जिम्मेदारियों के सूत्र गुम्फित होते हैं। यह पर्व उन चौराहों पर पहरा देता है जहां से जीवन आदर्शों के भटकाव की संभावनाएं हैं, यह उन आकांक्षाओं को थामता है जिनकी गति तो बहुत तेज होती है पर जो बिना उद्देश्य बेतहाशा दौड़ती है। यह पर्व नारी को शक्तिशाली और संस्कारी बनाने का अनूठा माध्यम है। वैयक्तिक स्वार्थों को एक ओर रखकर औरों को सुख बांटने और दुःख बटोरने की मनोवृत्ति का संदेश है। गणगौर कोरा कुंआरी कन्याओं या नवविवाहिताओं का ही त्यौहार ही नहीं है अपितु संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं को प्रेम और एकता में बांधने का निष्ठासूत्र है।

इसलिए गणगौर का मूल्य केवल नारी तक सीमित न होकर मानव मानव के मनों तक पहुंचे। गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो गाती हैं:-

**गोरल ये तू आवड़ देख बावड़ देख तन बाई रोवा याद कर।**

गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है- तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर। अर्थात जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) से प्रारम्भ होते हैं उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाऐं उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ऋतु की विदाई व ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत होती है। दूर प्रान्तों में रहने वाले युवक गणगौर के पर्व पर अपनी नव विवाहित प्रियतमा से मिलने अवश्य आते हैं। जिस गोरी का साजन इस त्यौहार पर भी घर नहीं आता वो सजनी नाराजगी से अपनी सास को उलाहना देती है। सासू भलरक जायो ये निकल गई गणगौर, मोल्यो मोड़ों आयो रे। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो अनुचित नहीं होगा। सम्प्रदाय यहां वैचारिक दृष्टि से फले फूले हैं। उन सब में परस्पर सहिष्णुता एवं एक दूसरे के उपास्य देवों के प्रति सहज सम्मान का भाव रहा है। राजस्थानी शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सदा सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी पौराणिक एवं वैदिक देवी देवताओं के मन्दिर हैं। उनके उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है।

जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। काल प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है। हमें आज आवश्यकता है इस लोकोत्सव को अच्छे वातावरण में मनाये। हमारी प्राचीन परम्परा को अक्षुण बनाये रखे। इसका दायित्व है उन सभी सांस्कृतिक परम्परा के प्रेमियों पर है जिनका इससे लगाव है। जो ऐसे पर्वो को सिर्फ पर्यटक व्यवसाय की दृष्टि से न देखकर भारत के सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देखने के हिमायती हैं।

# योगी की अयोध्या यात्रा के मायने

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**मुख्यमंत्री** पद की शपथ लेने के बाद योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन की अपनी परम्परा का निर्वाह किया। अंतर यह रहा कि पिछली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद जब वह अयोध्या आये थे, तब श्री रामजन्म भूमि पर यथास्थिति थी। योगी ने अपनी योजना के अनुरूप यहां पर्यटन विकास संबन्धी कार्य शुरू कर दिए थे। फिर वह समय भी आया जिसकी पांच सदियों से प्रतीक्षा थी। मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ। इस बार योगी जब अयोध्या पहुंचे तो स्थिति अलग रही। भव्य मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। श्री रामलला को अस्थाई मंदिर में योगी आदित्यनाथ द्वारा ही प्रतिष्ठित किया गया था। भारतीय संस्कृति के प्रेरणा व प्रतीक स्थलों पर योगी आदित्यनाथ की गहरी आस्था है। उन्होंने ऐसे सभी स्थानों को विकास पर्यटन से जोड़ने की व्यापक कार्य योजना बनाई थी। इस पर पिछली सरकार के पांच वर्षों में प्रभावी अमल किया गया। इसके चलते उत्तर प्रदेश के सभी पौराणिक नगरों का कायाकल्प हुआ है। यहां होने वाले आयोजन अब विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित हो रहे हैं। अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का शुभारंभ योगी आदित्यनाथ ने किया था। अब यह आयोजन परम्परा के रूप में स्थापित हो चुका है। विदेशों से भी लोग इस आयोजन को देखने आते हैं। अयोध्या में योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्राहलय में चैत्र रामनवमी मेले की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की तैयारी इस प्रकार से की जाए कि मेला पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ आयोजित हो और अयोध्या को विश्व मानचित्र पर लाने में सहायक बने। उन्होंने कहा कि श्रीराम मन्दिर का निर्माण प्रारम्भ हो गया है।



रामनवमी के बाद भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरे भारत से आएंगे। इसके दृष्टिगत अयोध्या में ऐसी व्यवस्था सृजित की जाए कि लोगों को प्रवेश करते ही उन्हें पूरा वातावरण राममय लगे,जिससे सभी श्रद्धालु अपने गृह जनपद एक अच्छा संदेश लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व चल रही विकास योजनाएं यदि लम्बित हों तो उन्हें तत्काल शुरू कराया जाए। जिन योजनाओं की डीपीआर न बनी हो, उनकी डीपीआर बनाकर भेजी जाए। पत्रावली यदि किसी भी स्तर पर लम्बित हो तो उन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी विकास परियोजनाओं का कार्य तेजी से शुरू कराकर निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाए। उन्होंने अयोध्या की सड़कों को रामनवमी मेले से पूर्व ठीक किये जाने के निर्देश दिए। श्रीराम मन्दिर भूमि पूजन तथा कोविड के बाद यह पहला रामनवमी मेला आयोजित हो रहा है, ऐसे में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इन श्रद्धालुओं के लिए नागरिक सुविधाओं सहित सभी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाएं।

योगी आदित्यनाथ अयोध्या में श्रीराम लला हनुमानगढ़ी, जनकपुर, बलरामपुर में श्री सिद्धपीठ रतननाथ का दर्शन पूजन किया। उन्होंने चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर आज बलरामपुर स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ, तुलसीपुर में माता रानी के भी दर्शन किए। उन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया।

## अभिव्यक्ति

# गर्मियों में घरेलू नुस्खों से निखारें त्वचा

शहनाज हुसैन

इस बार गर्मी का आगाज कुछ पहले हुआ है। पारा जिस्म को झुलसाने लगा है। गर्मी में तेज धूप ,पसीना, धूल और मिट्टी की वजह से त्वचा संबंधी समस्याएं नई नहीं हैं। सर्दियों के सुहाने मौसम के जाते ही गर्मियों का चिपचिपा मौसम आ गया है। अब त्वचा का अधिक ख्याल रखना जरूरी होगा। इस मौसम में उमस के कारण चेहरे पर पसीना आता है। इससे चेहरा और भी अधिक ऑयली लगता है। इससे चेहरे पर पिंपल्स की समस्या भी हो सकती है। इस मौसम में त्वचा पर सनबर्न और टैनिंग के अलावा चेहरे पर गंदगी जम जाती है। ऐसे में चेहरे का फेसिअल काफी मददगार साबित होता है। हालांकि अधिकतर महिलायें ब्यूटी पार्लर या स्पा का सहारा लेकर इस समस्या से निजात पाने की कोशिश करती हैं। इस पर अच्छी खासी रकम खर्च हो जाती है। मगर आप इसे घर बैठे बिना एक पाई खर्च किए महंगे सैलून से अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। अच्छी यानी स्वस्थ त्वचा के लिए नियमित सफाई बहुत अधिक जरूरी होती है। त्वचा को जरूरत होती है अच्छे एस्ट्रिंजेंट टोनर की। इसे घर पर कोई भी आसानी से तैयार कर सकता है। आजमा कर आप भी देखें।

**खीराः** गर्मी में खीरा आसानी से बाजार में मिल जाता है। त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के लिए खीरे का सेवन किया जा सकता है। इसे त्वचा पर टोनर की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। यह नेचुरल एस्ट्रिंजेंट होता है। इसका रस चेहरे पर 15 मिनट लगाकर पानी से धुल लें। खीरे में 96 प्रतिशत पानी होता है। गर्मियों में खीरे को सबसे ठंडा और पोषक तत्वों से भरपूर सुपर फूड माना जाता है। गर्मियों में इसका मास्क बनाकर लगाने से त्वचा में ताजगी और कोमलता आती है। यह एक्सफोलिएट करने में भी मदद करता है। खीरे के पेस्ट के साथ एक चम्मच दही और शहद मिलाकर फेस पैक तैयार किया जा सकता है। इस फेस पैक को हफ्ते में दोबार उपयोग कर इस समस्या से निजात पाई जा सकती है। गर्मियों में खीरे के खाने और फेस पैक दोनों तरह के उपयोग से त्वचा को स्वस्थ रखा जा सकता है। खीरे के रस में गुलाब जल मिलाकर भी चेहरे पर लगाया जा सकता है।

**नींबू का रसः** नींबू का रस भी अच्छा एस्ट्रिंजेंट होता है। मगर त्वचा पर नींबू का रस कभी डायरेक्ट नहीं लगाना चाहिए। इसे पानी के साथ या फिर गुलाब जल के साथ मिलाकर लगाना चाहिए। 10 मिनट तक इसे चेहरे पर लगाने के बाद पानी से चेहरे को धुलना चाहिए। गर्मियों में नींबू और शहद को मिलाकर भी फेस पैक तैयार किया जा सकता है। इसे हफ्ते में एक बार लगाने से चेहरे की त्वचा की रंगत को निखारा जा सकता है। यह स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है। तैलीय त्वचा के लिए एक चम्मच शहद में दो चम्मच नींबू रस का इस्तेमाल करना अच्छा होता है। त्वचा सामान्य या रूखी है तो नींबू और शहद को बराबर मात्रा में मिला कर प्रयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही नींबू और खीरे का रस बराबर मात्रा में मिलाकर बने फेस पैक को रोजाना सुबह लगा कर बीस मिनट बाद पानी से धोकर त्वचा की रंगत को निखारा जा सकता है।

**सेब का रसः** सेब का रस भी त्वचा के लिए बेहतरीन टोनर का काम करता है। ग्लोइंग स्किन के लिए यह अच्छा विकल्प है। सेब को कद्दूकस कर चेहरे पर लगाना चाहिए। 20 मिनट बाद चेहरे को पानी से धुल लें। सेब के स्लाइस को मलाई में मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे पर लगाने से कील मुहांसों से निजात मिलती है। इसके प्रयोग से त्वचा पर काले धब्बे और कालिमा को कम किया जा सकता है। मुहांसों में खारिश होने पर सेब के स्लाइस को रेफ्रिजरेटर में रख कर ठंडा कर प्रयोग करें। सेब गर्मियों में सनबर्न से राहत प्रदान करता है। अल्ट्रावायलेट किरणों से त्वचा की रक्षा करता है। एक सेब को कद्दूकस करके उसमें एक चम्मच ग्लिसरीन मिलकर बने पेस्ट को चेहरे तथा गर्दन पर लगाकर प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। इसके बाद ताजे ठंडे पानी से धोने से आराम मिलता है।

**ग्रीन टीः** सेहत के लिए ग्रीन टी के ढेरों लाभ हैं। मगर यह त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। चेहरे पर चमक लाने के लिए ग्रीन टी बैग को उबालकर ठंडा करें। फिर दो चम्मच भूरी चीनी और एक चम्मच मिल्क क्रीम मिलाकर चेहरे पर स्क्रब करें। 20 मिनट बाद पानी से चेहरा धो लें। इस मिश्रण को हफ्ते में दो बार लगाने से चेहरे की त्वचा खिल उठती हो और रंगत में निखार आता है। ऑयली त्वचा में ग्रीन टी का टोनर की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। ग्रीनटी को पानी में उबाल कर छान लें। फिर उस पानी को फ्रिज में रखकर ठंडा करें।

# बढ़ती उम्र का तकाजा...

किशन भावनानी

कुदरत द्वारा बनाई इस अनमोल सृष्टि में मानवीय जीवन की रफ्तार इतनी तेज हो गई है कि सुबह से शाम तो क्या बचपन से पचपन तक कैसे पहुंच गए पता ही नहीं चलता!!! वर्तमान परिपेक्ष में बढ़ती जीवन चक्र की प्रक्रिया में संघर्षों, खुशियों, दुखों, रोजी-रोटी, घर परिवार, सांसारिक मोह माया इत्यादि अनेक क्रियाओं के चक्कर में अधिकतम मानवी जी ऐसे उलझ गए हैं कि उन्हें अपने शरीर,बढ़ती उम्र का तकाजा ही नहीं रहा!!! हालांकि सच्चाई यह है कि बढ़ती उम्र के साथ-साथ सतर्कता का ध्यान रखना अत्यंत जरूरी है। यूं समझो बुढ़ापा जवानी नहीं, लाता जवानी बचपन नहीं लाती!!!इसलिए उम्र के बढ़ने के साथ सेहत में भी बदलाव आते हैं। सेहत का ध्यान रखना, फिटनेस टिप्स, घरेलू उपाय और तनाव से दूर रहना अत्यंत जरूरी है। साथियों बात अगर हम चालीस प्लस उम्र की करें तो आपकी उम्र चालीस वें पड़ाव पर पहुंच चुकी है और चालीस की उम्र पर पहुंचने का मतलब है अपनी सेहत का पहले से अधिक ध्यान रखना। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती रहती है वैसे-वैसे सेहत में भी बदलाव आते रहते हैं।साथियों संभव हो तो हमें निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए (1) बढ़ती उम्र के साथ-साथ शरीर में विटामिन, मिनरल्स, कैल्शियम, आयरन और एंटीआक्सीडेंट की कमी महसूस होने लगती है। इसलिए भोजन में ऐसी चीजों को अधिक शामिल करें, जो इन सभी पोषक तत्वों की आपूर्ति कर सके।(2) अत्यधि?क गुस्सा और चिंता करने से बचें, साथ ही शारीरिक श्रम भी उतना ही करें, जितना आपके स्वास्थ्य के लिए सही हो। अत्यधिक परिश्रम करने से बचें। (3) बेहतर होगा कि चालीस से अधि?क उम्र होने पर, आप अपनी आदतों और दिनचर्या में बदलाव लाएं। इस अवस्था में आपका शरीर उतना स्वस्थ और उजार्वान नहीं होता। अपने खान-पान और दिनचर्या में बदलाव कर आप उर्जा के साथ ही लंबी उम्र भी पा सकते हैं। (4) घर पर बने पौष्टिक सूप आपकी सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। भोजन के बीच में भूख लगने पर आप इनका सेवन कर सकते हैं। (5) चालीस से अधिक उम्र वालों के लिए एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार लेना बेहद आवश्यक है।

सलिए हरी सब्जा?यां, वेजिटेबल जूस, सलाद, फल, ग्रीन-टी आदि का सेवन अवश्य करें। (6) इस समय आपके शरीर के सभी अंगों और मांसपे?शि?यों ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, इसलिए खान -पान को बैलेंसरखें ताकि आपका लिवर सुरक्षित रहे और शरीर से विषैले तत्वों को बाहर कर सके। (7) चालीस की उम्र के बाद अक्सर छोटी- छोटी बातों का तनाव और चिड़चिड़ापन होता है साथ ही दिमाग भी कमजोर होने लगता है। इसके लिए योगा, व्यायाम, मेडिटेशन, संगीत को अपनी दिनचर्या में शामि?ल करें। साथ ही वह काम करें जिसे करने में आपको आनंद आता है और जिसमें आपका मन लगता है। (8) साबुत अनाज को अपने भोजन में शामिल करें और फलों का भरपूर सेवन करें। इत्यादि के अलावा और भी आने की टिप्स है जिनकी सहायता से सतर्कता बरती जा सकती है।

साथियों बात अगर हम पचास प्लस उम्र की करें तो, पचास साल की उम्र के बाद कुछ कारक हो सकते हैं, जिनके कारण भोजन का सेवन कम हो सकता है। इसमें शामिल है भूख की कमी, स्वाद या गंध पहचानने की कमी, चबाने या निगलने में कठिनाई, शारीरिक शक्ति या गतिशीलता की कमी, गंभीर बीमारी या दवाओं का सेवन, भावनात्मक स्थिति, वित्तीय सुरक्षा शामिल आदि।

# आधार कार्ड से उधार कार्ड तक

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**एक** समय था जब प्यासा कुएँ के पास जाता था। अब जमाना उल्टा है। कुआँ खुद प्यासे के पास चलकर आता है। सवा सेर गेहूँ के शंकर से लेकर माल्या, नीरव मोदी तक सबने उधार लिया। इसके लिए उन्हें उधार देने वाले के पास जाना पड़ा। हाँ यह अलग बात है कि सवा सेर गेहूँ में उधारी चुकाने के बावजूद उधार लेने वाले शंकर के बेटे को जीवन भर पीसा गया। वहीं नीरव मोदी, ललित मोदी, विजय माल्या सारे बैंकों की पूंजी पर पोंछा लगाकर उड़न छू हो गए। यही कारण है कि उनका कर्जा हम टैक्स के रूप में चुका रहे हैं। मानो उनका किसी जन्म का पुण्य हम पर रह गया था, जिसे चुकाने के लिए इस सरजमीं पर हमें पीसा जा रहा है। इंसान जरूरतों का पुलिंदा है। उसे जीवन भर किसी न किसी चीज की जरूरत पड़ती ही रहती है। उसकी इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए पहले साहूकार हुआ करते थे, अब बैंक हो गए। दोनों में ज्यादा फर्क नहीं है। यदि दोनों के आगे आपकी औकात, बाहुबल ज्यादा है तो दोनों चुप्पी साधे मौन धारण कर लेते हैं। जमाना पहले भी लाठी का था अब भी लाठी का है और आगे भी लाठी का रहेगा। यकीन न होतो देश के भगोड़ों से पूछ लीजिए। हमारे सभी प्रश्नों के उत्तर प्रसंग सहित व्याख्यायुक्त मिलते हैं। अब उधार लेने के लिए किसी के पास जाने की जरूरत नहीं है। यदि आपके पास फोन है तो समझो सब कुछ है। यह फोन, फोन न हुआ चलता फिरता अलाउद्दीनी चिराग हो गया। अलाउद्दीनी चिराग में जहाँ घसना पड़ता हैं वहीं आधुनिक चिराग में कुछ एप्स डाउनलोड करने पड़ते हैं। इन्हें ही कहते हैं मोइक्रो फायनेसिंग एप्स। प्ले स्टोर में जिंदगी को खिलवाड़ बनाने वाले एप्सों की कोई कमी नहीं है। माइक्रो फायनिंसिंग एप्स एकदम नशे की तरह होते हैं। पहले पहल वे आपको बिना माँगे कुछ रुपए देंगे। बिना मेहनत किए पैसा मिले तो कोई बेवकूफ ही मना करेगा।

## पंत की दिल्ली से भिड़ेगी हार्दिक की गुजरात

**मुंबई।** आईपीएल 22 का दसवां मैंच गुजरात और दिल्ली की टीम के बीच पुणे में खेला जाएगा। दोनों टीमें अपना पहला मैच जीत चुकी हैं। हार्दिक की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस ने लखनऊ सुपरजाएंट्स के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की थी। वहीं दिल्ली ने अपने पहले मैच में मुंबई को हराया था। गुजरात के पास राहुल



तेवतिया, डेविड मिलर, हार्दिक पांड्या जैसे बड़े खिलाड़ी हैं। वहीं दिल्ली की टीम में पृथ्वी शॉ, अक्षर पटेल और ललित यादव जैसे मैच जिताने वाले खिलाड़ी हैं। ऐसे में यह मैच बहुत ही रोमांचक होने की संभावना है। दिल्ली की इस मैच में अपनी बल्लेबाजी बेहतर करना चाहेगी। मुस्तफिजुर रहमान, लुंगी एनगिडी और सरफराज खान के आने से दिल्ली की टीम मजबूत हुई है। वहीं गुजरात की टीम में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है।

## अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में पूरे किए 4 हजार, दिग्गजों की लिस्ट में हुए शामिल

**मुंबई।** पंजाब किंग्स और कोलकाता नाईट राईडर्स के बीच मैच खेला जा रहा है।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करने आए कोलकाता का सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने अपने नाम रिकॉर्ड दर्ज कर लिया है। रहाणे ने आईपीएल करियर में 4 हजार रन पूरे कर लिए हैं।

वह ऐसा करने वाले भारत के 9वें खिलाड़ी बन गए हैं। रहाणे को आईपीएल में यह मुकाम हासिल करने के लिए 154 मैचों का सहारा लेना पड़ा।

**भारत के लिए आईपीएल में 4 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज**

सुरेश रैना
विराट कोहली
गौतम गंभीर
शिखर धवन
रोहित शर्मा
रॉबिन उथप्पा
एमएस धोनी
दिनेश कार्तिक
अजिंक्य रहाणे*

**आईपीएल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज**

6336 - विराट कोहली
5843 - शिखर धवन
5652 - रोहित शर्मा
5528 - सुरेश रैना
4812 - एम एस धोनी
4800 - रॉबिन उथप्पा
4217 - गौतम गंभीर
4092 - दिनेश कार्तिक
4006 - अजिंक्य रहाणे*

गौर हो कि कोलकाता की टीम ने पंजाब को 137 रन पर ऑलआउट कर दिया। कोलकाता के लिए उमेश यादव ने सर्वाधिक 4 विकेट अपने नाम किए। उमेश ने 23 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं सलामी बल्लेबाज रहाणे 12 रन बनाकर रबाडा की गेंद पर कैच थमा कर आउट हो गए।

## उमेश यादव ने पूरी की पावरप्ले में विकेटों की फिफ्टी, यह शर्मनाक रिकॉर्ड भी बनाया

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने पंजाब किंग्स के अलावा भी अपनी शानदार लय जारी रखी। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पहले गेंदबाजी करने उतरी कोलकाता को उमेश यादव ने मयंक अग्रवाल की विकेट दिलाकर शानदार शुरूआत दिलाई। उमेश ने इसी के साथ पावरप्ले में अपने 50 विकेट भी पूरे कर लिए। उमेश के अलावा इस लिस्ट में भुवनेश्वर कुमार (51), संदीप शर्मा (52), जहीर खान (52) का भी नाम है।उमेश ने इसी के साथ आईपीएल का एक शर्मनाक रिकॉर्ड में भी एंट्री मार ली। आईपीएल में दिशाहीन गेंदबाजों की यानी नो बॉल फेंकने वाले बॉलरों की लिस्ट में उमेश अब तीसरे नंबर पर आ गए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा नो बॉल जसप्रीत बुमराह (27) ने फेंकी हैं। इसके बाद श्रीसंथ (23) का नाम आता है। उमेश यादव अब अमित मिश्रा और ईशांत शर्मा के साथ 21 नो बॉल के साथ बराबरी पर आ गए हैं। उमेश ने इसी के साथ आईपीएल का एक शर्मनाक रिकॉर्ड में भी एंट्री मार ली। आईपीएल में दिशाहीन गेंदबाजों की यानी नो बॉल फेंकने वाले बॉलरों की लिस्ट में उमेश अब तीसरे नंबर पर आ गए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा नो बॉल जसप्रीत बुमराह (27) ने फेंकी हैं। इसके बाद श्रीसंथ (23) का नाम आता है। उमेश यादव अब अमित मिश्रा और ईशांत शर्मा के साथ 21 नो बॉल के साथ बराबरी पर आ गए हैं।

# मेसी की अर्जेंटीना ग्रुप-सी और रोनाल्डो की पुर्तगाल ग्रुप-एच में

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप के ड्रॉ का एलान हो गया है। इस साल नवंबर-दिसंबर में कतर में होने वाले विश्व कप में 32 टीमें हिस्सा ले रही है, जिन्हें चार-चार कर आठ ग्रुप में बांटा गया है।

लियोनल मेसी की अर्जेंटीन को ग्रुप-सी में और क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को सबसे आखिरी ग्रुप-एच में रखा गया है। मेजबान कतर ग्रुप-ए में है। सबसे ज्यादा पांच बार विश्व कप जीतने वाली टीम ब्राजील को ग्रुप-जी में क्रोएशिया, मोरक्को और कनाडा के साथ रखा गया है। ग्रुप-बी में मौजूद इंग्लैंड की टीम अपने पहले मैच में ईरान से भिड़ेगी। 1982 के बाद पहली बार ऐसा होगा कि इंग्लैंड की टीम फीफा वर्ल्ड कप में किसी एशियन टीम से भिड़ेगी। इससे पहले 1982 में इंग्लिश टीम का सामना कुवैत से हुआ था। तब कुवैत ने उन्हें हरा दिया था। इंग्लैंड की टीम उस पुरानी याद को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगी। इंग्लैंड की टीम फीफा विश्व कप में ईरान से पहली बार भिड़ेगी। 2010 की विश्व कप चैंपियन स्पेन और चार बार की विश्व चैंपियन जर्मनी को




एक ही ग्रुप (ग्रुप-ई) में रखा गया है।यूक्रेन पर हमला करने की वजह से रूस को इस वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया गया है। वहीं, लियोनेल मेसी और रॉबर्ट लेवानडॉस्की (पोलैंड) की टीमें एक ही ग्रुप में हैं और दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। मेसी ने लेवानडॉस्की को मात देकर बेलोन डी' ओर का खिताब जीता था। क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल का सामना लुईस सुआरेज और एडिन्सन कवानी की उरुग्वे टीम से होगा।

### सौ करोड़ में होगा ओलंपियाड

## पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद ने कहा बेहद सफल रहेगा भारत में चेस ओलंपियाड, फीडे ने सौंपे अधिकार

**नई दिल्ली।** शतरंज की सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय संस्था फीडे ने चेस ओलंपियाड के आधिकारिक अधिकार भारतीय शतरंज महासंघ को सौंप दिए। इसके साथ ही यह तय हो गया कि 28 जुलाई से 14 अगस्त तक शतरंज महाकुंभ का आयोजन चेन्नई में ही होगा। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने कहा कि भारत में चेस ओलंपियाड का आयोजन बेहद सफल रहेगा।

फीडे अध्यक्ष ऑर्कडी ड्वार्कोविच ने अधिकार सौंपने के मौके पर कहा दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत ज्यादा ग्रैंड मास्टर पैदा करता है। ऐसे में चेस ओलंपियाड की मेजबानी का अधिकार उसका बनता है। उन्हें



पूरी उम्मीद है कि चेन्नई में होने वाला यह ओलंपियाड अब तक का सर्वश्रेष्ठ आयोजन होगा। वहीं महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय कपूर ने कहा कि ओलंपियाड के आयोजन में 100 करोड़ से अधिक का खर्च आएगा।

फीडे से मेजबानी लेने के लिए उसे 25 करोड़ से अधिक की राशि दी गई है। आयोजन के लिए चेन्नई के महाबलीपुरम में साढ़े तीन हजार होटल के कमरे बुक करा दिए गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि इसमें 160 से 190 देश शिरकत करेंगे।

## आईपीएल के टिकट भागीदार ने कहा, दर्शकों की क्षमता 50 प्रतिशत बढ़ायी गयी




**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टिकट भागीदार 'बुकमाईशो' ने कहा कि मौजूदा सत्र में दर्शकों की क्षमता छह अप्रैल से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक कर दी गयी है। महाराष्ट्र सरकार ने शुरू में सभी चार स्थलों - मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम और ब्रैबोर्न स्टेडियम, नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम और पुणे में'बुकमाईशो' ने मीडिया विज्ञप्ति में दावा किया, ''टिकटों की ब्रिक्री अगले मैचों के लिये लाइव है क्योंकि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है जो पहले 25 प्रतिशत तक सीमित थी जिससे पूरे भारत में कई और प्रशंसकों को स्टेडियम में आईपीएल मैच लाइव देखने का अनुभव हासिल करने का मौका मिलेगा। '' महाराष्ट्र सरकार ने फैसला किया कि दो अप्रैल से पूरे राज्य में कोविड-19 की सभी पाबंदियां हटा दी जायेंगी।

## हम निश्चित रूप से आस्ट्रेलिया को हरा सकते हैं : एक्लेस्टोन

**क्राइस्टचर्च।** इंग्लैंड की बायीं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन का कहना है कि उनकी टीम अगर अपना सर्वश्रेष्ठ करे तो वह किसी भी दिन मजबूत आस्ट्रेलिया को हरा सकती है जिससे हेगले ओवल में उन्हें महिला विश्व कप फाइनल खेलना है। टूर्नामेंट की सर्वाधिक विकेट चटकाने वाली इस गेंदबाज ने साथ ही कहा कि उनकी टीम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेलने के बावजूद फाइनल तक पहुंचने में सफल रही। उन्होंने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा, ''आस्ट्रेलिया को फाइनल में हराना, एशेज में हमारा जैसा प्रदर्शन रहा है, उसके बाद अगर हम ऐसा करते हैं तो मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती। '' उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि यह टीम किसी भी दिन निश्चित रूप से आस्ट्रेलिया को हरा सकती है, हमारे पास एक बढ़िया मौका है। '' इंग्लैंड का विश्व कप से पहले प्रदर्शन काफी खराब रहा जिसमें टीम एशेज में अपनी



पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी से हार गयी। इसके बाद विश्व कप के शुरूआती मैच में भी उन्हें आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, ''मैं जानती हूं कि अगर हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलें और हमारे बल्लेबाज वैसी बल्लेबाजी करें जैसा वे कर सकते हैं और गेंदबाज वैसी गेंदबाजी करें जैसी वे कर सकते हैं तो हमारे पास इतनी बढ़िया इकाई है। इसलिये हम सिर्फ खुद पर ध्यान लगायेंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ करेंगे।

## 41 साल की उम्र में किया था आईपीएल में डेब्यू, अपने संघर्ष पर बनी फिल्म देख आंसू नहीं रोक पाए प्रवीण तांबे

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम के साथ अपने जीवन पर बायोपिक देखने के बाद लेग स्पिनर प्रवीण तांबे भावुक हो गए, वह अपने भावनाओं तो शब्दों में नहीं बयां कर सके और उनकी आंखों से आंसू निकल गये। फिल्म 'कौन प्रवीण तांबे?' आधिकारिक रूप से रिलीज हो गई। केकेआर ने एक वीडियो साझा किया जिसमें प्रवीण तांबे केकेआर के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ फिल्म देखते हुए नजर आये। तांबे फिर कुछ शब्द बोलने के लिए उठे, लेकिन जैसे ही उन्होंने शुरुआत की, वह भावुक हो गये। उन्होंने फफकते हुए कहा कि ÷मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं, बस अपने सपनों को कभी मत छोड़ो। उन्होंने अपने आप को शांत करने के बाद कहा सपने सच होते हैं। वास्तव में, सपने सच होते हैं। अनुभवी स्पिनर को प्रोत्साहित करने के लिए टीम ने तालियां बजाई।प्रवीण विजय तांबे एक भारतीय क्रिकेटर हैं। तांबे ने 41 साल की उम्र में आईपीएल में पदार्पण किया और आईपीएल में अब तक के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उस समय के दौरान जब उन्हें आईपीएल के लिए चुना गया था, उन्होंने कभी पेशेवर क्रिकेट नहीं खेला था लेकिन उनकी कड़ी मेहनत के बाद उन्हें आइपीएल के लिए चुना गया। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने वीडियो में कहा, हम फिल्म देखने के लिए काफी उत्साहित थे, हमें आखिरकार यह देखने को मिली। यह भावनात्मक था, गाने भी अच्छे थे, और फिर अंत में उनका भाषण सुनकर, मैं अंत में थोड़ा रो पड़ा। फिल्म खत्म होने पर प्रवीण तांबे की



पीठ थपथपाई गई और हॉल में ताली, प्रवीण तांबे के नारे, सीटियां बज रही थी। प्रवीण विजय तांबे ने वीडियो में कहा 'बहुत से लोग जानते हैं कि मैंने 41 साल की उम्र में डेब्यू किया था, लेकिन वे नहीं जानते कि मैंने इससे पहले क्या किया था। इसलिए लोग फिल्म देखेंगे और जानेंगे और उम्मीद है कि यह उन्हें यह सोचने पर मजबूर कर देगा कि किसी को कभी हार नहीं माननी चाहिए। 2013 में राजस्थान रॉयल्स द्वारा चुने जाने से पहले तांबे ने कोई पेशेवर क्रिकेट नहीं खेला था। वह उस सीजन में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए थे। उन्होंने 2014 में केकेआर के खिलाफ हैट्रिक भी ली थी। उन्हें आईपीएल 2020 से पहले नीलामी में केकेआर द्वारा खरीदा गया था, लेकिन बीसीसीआई ने उनका अनुबंध रद्द कर दिया क्योंकि उन्होंने आवश्यक अनुमति के बिना टी 10 लीग में हिस्सा लिया था। वह कैरेबियन प्रीमियर लीग में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेलने गए थे।

# रसेल की आंधी में उड़े पंजाब के गेंदबाज, कोलकाता ने 6 विकेट से हराया

**मुंबई।** पहले उमेश यादव की घातक गेंदबाजी और बाद में आंद्रे रसेल की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला कोलकाता के लिए अच्छा साबित हुआ। पंजाब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 137 रनों पर ढेर हो गई। पंजाब की ओर से बी राजपक्षे ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाएं। वही रबाडा ने भी 16 गेंदों में 25 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली।

138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की टीम के लिए शुरुआत कुछ खास नहीं रही। 14 रन के स्कोर पर अजिंक्य रहाणे का पहला विकेट गिरा जबकि वेंकटेश अय्यर 38 रनों के स्कोर पर 3 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान श्रेयस अय्यर अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। हालांकि वह 26 रनों के स्कोर पर राहुल चहर के शिकार



बने जबकि नीतीश राणा अपना खाता नहीं खोल सके। सैम बिलिंग्स और आंद्रे रसैल के बीच जबरदस्त पार्टनरशिप हुई जिसकी बदौलत कोलकाता ने पंजाब किंग्स को इस मैच में हरा दिया। कोलकाता इस जीत के साथ ही पॉइंट टेबल में सबसे ऊपर है। उसके पास 4 अंक है। आंद्रे रसेल ने सिर्फ 31 गेंदों में आठ छक्कों की मदद से 70 रन बनाए। इसमें 2 चौके भी शामिल है जबकि सैम बिलिंग्स ने संयम का परिचय दिया और 23 गेंदों में 24 रन बनाकर आंद्रे रसैल के साथ मैदान पर डटे रहे। पंजाब की ओर से राहुल चहर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 13 रन देकर दो विकेट चटकाए। इसके अलावा स्मिथ और रबाडा के खाते में एक-एक विकेट गया। आज के मैच में सबसे घातक गेंदबाजी उमेश यादव की रही जिन्होंने 4 ओवर में 23 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि टिम साउदी ने दो विकेट चटकाए।पंजाब किंग्स ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम 18.2 ओवर में सिमट गई। टीम की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी उसके शीर्ष स्कोरर भानुका राजपक्षे (31) और शिखर धवन (16) के बीच दूसरे विकेट के लिए 41 रन की रही। राजपक्षे के अलावा कागिसो रबादा (25) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। पंजाब किंग्स ने पावर प्ले में 62 रन जोड़े लेकिन बाकी बचे ओवरों में टीम 75 रन ही जोड़ सकी।

उमेश ने पहले ही ओवर में विरोधी टीम के कप्तान मंयक अग्रवाल (01) को पगबाधा कर दिया। राजपक्षे ने साउथी पर चौके से खाता खोला और फिर उमेश पर भी चौका जड़ा। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने उमेश पर पारी का पहला छक्का जड़ा। राजपक्षे ने शिवम मावी (39 रन पर एक विकेट) का स्वागत पहली चार गेंद पर चौके और तीन छक्कों के साथ किया लेकिन अगली गेंद पर मिड आफ पर साउथी को कैच थमा बैठे।

## आंद्रे रसेल की आतिशी पारी देखकर गदगद हुए शाहरूख खान, ट्वीट कर दी बधाई, कहा- फिर से स्वागत है दोस्त

**मुंबई।** आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल का पुराना रूप देखने को मिला। 33 वर्षीय कैरेबियाई क्रिकेटर ने लंबे समय बाद फिर से खतरनाक बल्लेबाजी से सभी को चौंकाया। रसेल ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स के गेंदबाजों को घुटने पर ला दिया। उन्होंने 31 गेंदों में 70 रन की नाबाद पारी खेलकर कोलकाता को एकतरफा जीत दिला दी।



पिछले दो सीजन से अपनी बल्लेबाजी को लेकर संघर्ष करते दिखे रसेल ने पंजाब के खिलाफ मैच में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का नमूना दिखाया। उन्होंने महज आधे घंटे में पंजाब के हाथों से मैच को छीनकर केकेआर की झोली में डाल दिया। उन्होंने अपनी नाबाद पारी में दो चौके और आठ गंगनचुंबी छक्के लगाए।

आंद्रे रसेल की बल्लेबाजी को देखकर केकेआर के मालिक और बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान भी खुद को नहीं रोक पाए और कैरेबियाई खिलाड़ी की जमकर तारीफ की। शाहरूख ने मैच के बाद ट्वीट कर कहा, फिर से स्वागत है मेरे दोस्त आंद्रे रसेल। गेंद को इतना ऊंचा जाते देखे हुए काफी समय हो गया था। शाहरूख ने रसेल के साथ-साथ उमेश यादव, कप्तान श्रेयस अय्यर समेत पूरी टीम को जीत की बधाई दी। मैच में कोलकाता ने उमेश यादव की धारधार गेंदबाजी के दम पर पंजाब किंग्स को 18.2 ओवर में ही 137 रन पर समेट दिया था। उमेश ने चार ओवर में 23 रन देकर चार विकेट झटके। इसके बाद केकेआर की शुरूतआत भी अच्छी नही रही और उसने 51 के स्कोर पर अपने शीर्ष के चार विकेट गंवा दिए। लेकिन इसके बाद रसेल (70*) और बिलिंग्स (24*) ने मिलकर 90 रनों की अटूट साझेदारी की मैच को 14.3 ओवर में ही खत्म कर दिया।

## रसेल के छक्कों से ज्यादा सुहाना खान और अनन्या पांडे के चर्चे, मैच में लगाया ग्लैमर का तड़का, पूरे मुकाबले में छाई रहीं

**मुंबई।** आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को छह विकेट से हरा दिया। इस मैच केकेआर के आंद्रे रसेल ने कई बड़े-बड़े छक्के लगाए और अपनी टीम को जीत दिलाई। हालांकि, मुकाबले के दौरान रसेल के छक्कों से ज्यादा इस मैच को देखने पहुंचीं बॉलीवुड के किंग खान और केकेआर के मालिक शाहरुख






खान की बेटी सुहाना खान और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे की चर्चा रही।मैच के दौरान अनन्या पांडे, शाहरुख की बेटी सुहाना खान और बेटा आर्यन खान अपनी टीम का हौसला अफजाई करते हुए नजर आए। पंजाब के विकेट गिरने पर या कोलकाता के बल्लेबाजों के चौके छक्के लगाने तक तीनों ने मैच का जमकर लुत्फ उठाया।पहले तो सुहाना और अनन्या पंजाब के लगातार विकेट से काफी खुश नजर आईं। इसके बाद रसेल की पारी ने इन दोनों को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया। 138 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक वक्त कोलकाता ने भी 51 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे।

उस वक्त सुहाना थोड़ी परेशान नजर आईं। हालांकि, जल्द ही रसेल ने चौके-छक्कों की बरसात कर दी।अनन्या पांडे का यह डेब्यू मैच था, यानी वह पहली बार मैच देखने पहुंची थीं। वहीं, आर्यन और सुहाना आईपीएल मेगा ऑक्शन के दौरान भी कोलकाता टीम की ओर से हिस्सा ले चुके हैं।

# विदेश संदेश

## अफगानिस्तान में मोर्टार गोला फटने से 5 बच्चों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के दक्षिणी हेलमंद प्रांत में मोर्टार का गोला फटने से कम से कम पांच बच्चों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। तालिबान के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।



हेलमंद के सूचना एवं संस्कृति विभाग के अब्दुल बारी रशीद हेलमंदी ने कहा कि मरजा जिले में तीन से 12 साल की उम्र के बच्चे खेल रहे थे जिस दौरान संभवतः उन्हें यह गोला मिला। उन्होंने बताया कि बच्चों के इस गोले से खेलने के दौरान अचानक वह फट गया। स्थानीय परिषद के एक पूर्व सदस्य अहमदुल्ला ने कहा कि दो अन्य बच्चों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

## जंग में बिगड़ते जा रहे हालात, कीव में 154 घर व 44 स्कूल क्षतिग्रस्त

**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध का शनिवार 38वां था। दोनों देश अभी भी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। एक तरफ रूस कीव पर हमला न करने के वादे के बाद भी वहां पर गोलीबारी कर रहा है तो, पहली बार यूक्रेन ने भी रूसी सीमा में एयरस्ट्राइक की है। रूसी गवर्नर का दावा था कि, तेल डिपो पर यूक्रेन ने हमला किया। हालांकि, यूक्रेन की ओर से इसका खंडन किया गया है।

**दक्षिण-पश्चिम से यूक्रेन पर हमले की तैयारी**

यूक्रेनी सेना के एक सैन्य अधिकारी ने दावा किया है कि रूस दक्षिण-पश्चिम से यूक्रेन पर हमला करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत रूस ने माल्डोवा के कब्जे वाले ट्रांसनिस्ट्रिया में फिर से सैनिकों की तैनाती शुरू कर दी है।

**कीव में 154 घर हुए तबाह**

रूस-यूक्रेन जंग में राजधानी कीव का बुरा हाल हुआ है। कीव नगर परिषद की ओर से बताया गया है कि, रूसी हमले



में 154 आवासीय भवन, 20 निजी सम्पदा, 27 किंडरगार्डन, 44 स्कूल क्षतिग्रस्त हुए हैं।

**स्टारलिंक ने यूक्रेन के दो शहरों में शुरू की मोबाइल सेवा**

यूक्रेन में एलन मस्क की स्टारलिंक सर्विस अपनी सेवाएं दे रही है। अब इरपिन और रोमानिव्का शहर में स्टारलिंक ने मोबाइल संचार सेवा शुरू कर दी है। यूक्रेनी सेना ने इन शहरों को रूस से मुक्त कराए जाने का दावा किया है। रूसी मीडिया का कहना है कि यूक्रेन में इस तरह का यह पहला मामला है।

**निप्रो व पोल्टावा पर रूसी मिसाइलों से हमला**

रूस ने एक अप्रैल की रात यूक्रेन निप्रो शहर में कम से कम 10 हजवाई हमले किए। वहीं पोल्टावा के प्रमुख दिमित्रो लुनिन ने बताया कि आज पोल्टाव शहर को निशाना बनाया गया। इन हमलों में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है।

**यूक्रेन ने किया तेल डिपो पर एयरस्ट्राइक का खंडन**

यूक्रेन की सीमा से 30 किमी दूर रूस के बेल्गोरोद शहर पर एयरस्ट्राइक से यूक्रेन ने खंडन किया है। एक शीर्ष यूक्रेनी सैन्य अधिकारी ने बताया कि रूस के तेल डिपो पर हमले के पीछे यूक्रेन के हेलीकॉप्टर नहीं थे। हालांकि, एक दिन पहले रूस के गवर्नर ने कहा था कि, यूक्रेनी हेलीकॉप्टरों ने तेल डिपो पर हमला किया।

**खारकीव में सबसे ज्यादा नुकसान-यूनेस्को**

यूनेस्को के मुताबिक, रूसी हमले में यूक्रेन के खारकीव को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां पर 18 ऐतिहासिक स्थलों को नुकसान हुआ है।

**केमिकल अटैक कर सकता है रूस- अमेरिका**

अमेरिकी खुफिया एजेंसी का दावा है कि यूक्रेन पर रूस केमिकल अटैक कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसे में अमेरिका यूक्रेन को भी केमिकल हथियार मुहैया करा सकता है। इसके अलावा अमेरिका की ओर से यूक्रेन को सैन्य मदद के लिए 300 मिलियन डॉलर देने का वादा किया गया है।

## यूक्रेन संकट पर बोला अमेरिकाः पुतिन की आक्रामकता के कारण नहीं थम रहा युद्ध, लाखों निर्दोष लोगों को किया बेघर

**वाशिंगटन।** यूक्रेन में चल रहे युद्ध को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस द्वारा एक बार फिर से बयान जारी किया गया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा है कि रूसी नेतृत्व और उसके राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आक्रामकता के कारण यूक्रेन में चल रहा युद्ध थम नहीं पा रहा है। इस युद्ध ने लाखों निर्दोष लोगों को विस्थापित कर दिया है और हजारों लोगों की जान ले ली है। जेन साकी ने आगे कहा कि यूक्रेन में अस्पतालों और घरों को निशाना बनाया जा रहा है। जेन साकी ने कहा कि दुनिया जानती है कि हमलावर कौन है और इसके अलावा, सैन्य रणनीति पर मेरी कोई टिप्पणी नहीं है।



**रूसी तेल डिपो पर हमले को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीः व्हाइट हाउस**

वहीं रूसी तेल डिपो पर यूक्रेन द्वारा तथाकथित हमले को लेकर व्हाइट हाउस ने कहा कि हमने उन रिपोर्टों को देखा है। हम क्रेमलिन(रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) के बयानों पर टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं हैं। अभी तक जो मेरे पास जानकारी है कि यूक्रेन ने इस मसले पर कोई बयान नहीं दिया है या इन रिपोर्टों की पुष्टि नहीं की है।

## अमेरिकी ने रद्द किया बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण, रूस ने दिए यूट्यूब कंटेट को रुट्यूब पर स्थानांतरित करने के आदेश

**वाशिगंटन।** रूस-यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग लंबे समय तक खिंच गई है। न ही रूस पीछे हटने को तैयार है और न ही यूक्रेन झुकने को। ऐसे में यूक्रेन में भारी तबाही जारी है। रूस के शहर बेल्गोरोद के गवर्नर ने दावा किया है कि उनके यहां के एक तेल डिपो पर यूक्रेनी सेना की ओर से एयरस्ट्राइक की गई है। इस बीच, रूस और यूक्रेन



के बीच ऑनलाइन माध्यम से वार्ता की शुरुआत भी हुई है। उधर, दिल्ली पहुंचे रूसी विदेश मंत्री ने कहा है कि इस संकट के समाधान के लिए भारत मध्यस्थता कर सकता है। वहीं अमेरिकी रक्षा विभाग यूक्रेन को सुरक्षा सहायता में अतिरिक्त 300 मिलियन डॉलर प्रदान करेगा, जिसमें लेजर-निर्देशित रॉकेट सिस्टम, ड्रोन और वाणिज्यिक उपग्रह इमेजरी सेवाएं शामिल हैं।

## संकट में इमरानः पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आज

### नेशनल असेंबली में 11:30 बजे से होगा मतदान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इमरान सरकार रहेगी या जाएगी? राजनीति में उनका भविष्य क्या होगा? क्या विपक्ष अपने मंसूबों में कामयाब होगा और क्या आजादी के बाद से अब तक किसी प्रधानमंत्री के पांच साल पूरे न करने का रिकॉर्ड फिर से दोहराया जाएगा? इन सभी सवालों के जवाब कल पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सत्र में मिल जाएंगे।

दरअसल, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के खिलाफ पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव पर रविवार को मतदान होना है। जानकारी के मुताबिक, नेशनल असेंबली का सत्र सुबह 11=30 बजे बुलाया गया है। इसी दौरान इस प्रस्ताव पर मतदान होना है, जिसके बाद इमरान खान की सरकार के भविष्य का फैसला भी हो जाएगा।

**इमरान चल चुके हैं हर दांव** -अविश्वास प्रस्ताव होने के



बाद से अब तक इमरान खान सरकार बचाने के लिए हर दांव चल चुके हैं। 31 मार्च को देश के नाम संबोधन में उन्होंने कहा था, संडे को वोट दिया जाएगा, इस संडे को इस मुल्क का फैसला होने वाला है कि ये मुल्क किस तरफ जाएगा। क्या वही गुलामाना रवैया, भ्रष्टाचारी जिनके खिलाफ नैब में केस पड़े हैं। जितने भी खुशहाल मुल्क हैं, वहां सबसे ताकतवर मुजरिम को दबाकर रखा जाता है, लेकिन पाकिस्तान में इसका इंतजाम नहीं है। इमरान को साढ़े तीन साल हुए हैं, आप तो तीस साल से थे, तो ये जो हाल खराब हुए हैं क्या ये साढ़े तीन साल में हुए हैं। जो साढ़े तीन साल में हुआ है वो विपक्ष के तीस सालों में नहीं हुआ है। अब जो फैसला होना है तीन तारीख को होगा।

**मैं आखिरी बॉल तक खेलता हूं**

इमरान खान ने कहा था, किसी ने मुझसे कहा था कि आप इस्तीफा दे दें। मैंने हमेशा आखिरी बॉल तक क्रिकेट खेली है। जो भी नतीजा हो मुझे आखिर तक लड़ना है। मुझे देखना है कि कौन अपने जमीर का सौदा करेगा। अगर कोई हमारी नीतियों के खिलाफ था तो उसे रिजाइन करना था, तब नहीं जब आपको 25 करोड़ रुपये ऑफर हो रहे थे। मैं पूछना चाहता हूं कि हमारे नौजवानों को हम क्या सबक दे रहे हैं।

## अमेरिकी सीनेट में क्वाड साझेदारों व अहम खनिजों लेकर चीन के खिलाफ विधेयक पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में सांसदों के द्विदलीय समूह ने अमेरिका के क्वाड साझेदारों ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के साथ व्यापार साझेदारी का लाभ उठाने और अहम खनिजों के लिए चीन पर अमेरिका की निर्भरता कम करने के वास्ते एक विधेयक पेश किया। एक मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, 'क्वाड अहम खनिज साझेदारी कानून' नाम के इस विधेयक का उद्देश्य चीन पर अमेरिका की निर्भरता कम करना



और अमेरिका तथा उसके सहयोगियों के दीर्घकालीन राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा करना है। सीनेट की ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन समिति के सदस्य सीनेटर अंगुस किंग, सीनेटर जेम्स लैंकफोर्ड, जॉन कोर्निन और मार्क वार्नर ने यह विधेयक पेश किया, जिससे अपने क्वाड साझेदारों के साथ करीबी रूप से काम करके अहम खनिजों तक अमेरिका की पहुंच बेहतर होगी और इस अहम संसाधन पर चीन के बाजार का वर्चस्व कम होगा। बयान में कहा गया है कि दुनिया की दुर्लभ मृदा धातुओं और कई अन्य अहम खनिजों पर चीन के करीब दो तिहाई नियंत्रण से राष्ट्रीय सुरक्षा को पैदा खतरे के मद्देनजर यह विधेयक प्रशासन को इस अहम संसाधन के साझा निवेश और विकास को बढ़ावा देने के लिए चतुष्कोणीय सुरक्षा संवाद (अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया) करने पर जोर देगा।

## पाक ने यूएस पर अंदरूनी मामलों में 'हस्तक्षेप' का लगाया आरोप,अमेरिकी राजनयिक किया तलब

**इस्लामाबाद।**पाकिस्तान ने अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक को यहां तलब कर देश के अंदरूनी मामलों में अमेरिका के कथित 'हस्तक्षेप' के प्रति कड़ी प्रतिक्रिया दर्ज कराई। मीडिया में प्रकाशित खबरों में यह जानकारी सामने आई। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री इमरान खान के उस बयान को सिरे से खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें सत्ता से बेदखल करने के लिए एक 'विदेशी साजिश' में वाशिंगटन की भूमिका है।

सीधे प्रसारण में देश को संबोधित करने के दौरान 69 वर्षीय खान ने 'धमकी भरे एक पत्र' का उल्लेख किया और कहा कि स्वतंत्र विदेश नीति पर चलने के लिए उन्हें सत्ता से अपदस्थ करने की विदेशी साजिश रची गई है। उन्होंने कहा कि धमकी वाले



पत्र के पीछे अमेरिका का हाथ है। हालांकि, माना जा रहा है कि जुबान फिसलने के कारण खान ने अमेरिका का नाम लिया। द डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने 'धमकी भरे पत्र' के मुद्दे पर इस्लामाबाद में अमेरिका की राजनयिक एंजेला पी एगलर को तलब किया। पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा लिए गए निर्णय के बाद यह कदम उठाया गया।

विदेश मंत्रालय ने, औपचारिक संवाद के दौरान विदेशी अधिकारी द्वारा इस्तेमाल किये गए लहजे पर अमेरिकी राजनयिक को कड़ी आपत्ति जताने वाला एक पत्र भी सौंपा। खान द्वारा जिस कथित पत्र का उल्लेख किया गया उसमें चेतावनी दी गई थी कि अगर खान के विरुद्ध विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिर जाता है तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। खबर के अनुसार, अमेरिकी राजनयिक से कहा गया कि पकिस्तान के अंदरूनी मामलों में दखलअंदाजी अस्वीकार्य है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने उस 'देश' को एक कड़ी आपत्ति वाला पत्र जारी करने का निर्णय लिया जिसने एक संवाद के दौरान यूक्रेन पर पाकिस्तान नीति पर अप्रसन्नता जताई थी।

## रमजान की शुरुआत को लेकर इडोनेशिया में मतभेद

**जकार्ता:** इंडोनेशिया और पश्चिम एशिया के ज्यादातर हिस्सों में मुसलमानों के पाक महीने रमजान की शुरुआत शनिवार को हुई। हालांकि, बहुत से लोग सुबह से शाम तक उपवास रखने, नमाज पढ़ने और अन्य धार्मिक कार्य की शुरुआत रविवार से करेंगे। इंडोनेशिया के दूसरे सबसे बड़े इस्लामी समूह मुहम्मदिया ने कहा कि उसकी खगोलीय गणना के अनुसार रमजान शनिवार से शुरू होगा। वहीं, इस्लामी खगोलशास्त्रियों को चांद नहीं दिखने के बाद देश के धार्मिक मामलों के मंत्री ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि रमजान रविवार से शुरू होगा। ऐसा पहली बार नहीं हुआ कि मुहम्मदिया ने इस मसले पर अलग राय दी है लेकिन लगता है कि इंडोनेशिया के ज्यादातर लोग सरकार द्वारा घोषित की गई तारीख को ही मानेंगे। देश के 27 करोड़ लोगों में से से लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या मुसलमान है। राष्ट्रपति जोको विदोदो ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि सरकार दो वर्षों में पहली बार कोविड-19 संबंधी पाबंदियों में ढील देगी।

## चीन ने अमेरिका पर फोड़ा यूक्रेन युद्ध का ठीकरा, नाटो को ठहराया जिम्मेदार

**बीजिंग।** चीन ने यूक्रेन युद्ध का ठाकरा अमेरिका पर फोड़ते हुए उस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। चीन ने अमेरिका परयूक्रेन में युद्ध भड़काने का आरोप लगाते हुए कहा कि सोवियत संघ के विघटन के बाद नाटो को खत्म कर दिया जाना चाहिए था। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजान ने यहां दैनिक ब्रीफिंग के दौरान संवाददाताओं से कहा, '' यूक्रेन संकट के गुनाहगार एवं मुख्य साजिशकर्ता अमेरिका ने 1999 के बाद पिछले दो दशकों में पूरब की ओर विस्तार के पांच दौरों में नाटो की अगुवाई की।'



उन्होंने कहा, ''नाटो के सदस्यों (सदस्य देशों) की संख्या 16 से बढ़कर 30 हो गयी और वे 1000 किलोमीटर से भी आगे बढ़ते हुए कहीं न कहीं रूस सीमा के समीप पहुंच गये एवं एक -एक कदम उठाते हुए रूस को धकिया दिया।' झाओ का बयान ऐसे समय में आया है जब चीन और यूरोपीय संघ के नेता एक सम्मेलन के लिए डिजिटल तरीके से बैठक कर रहे हैं। इस सम्मेलन में यूक्रेन का मुद्दा छाये रहने की संभावना है।

यूरोपीय संघ के अधिकारियों का कहना है कि वे चीन से इस वादे की उम्मीद कर रहे हैं कि वह प्रतिबंधों को कमजोर नहीं करेगा एवं लड़ाई को रोकने के प्रयासों में सहायता करेगा।

## भारतवंशी कल्पना कोटेगल व विनय सिंह बाइडन प्रशासन में अहम पदों के लिए नामित, व्हाइट हाउस का एलान

**वाशिगंटन।** अमेरिका में भारतवंशियों का अहम पदों पर नियुक्ति का सिलसिला जारी है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतवंशी कल्पना कोटेगल और विनय सिंह को महत्वपूर्ण पदों पर मनोनीत करने का फैसला किया है। कोटेगल नागरिक अधिकारों की वकील और विनय सिंह प्रमाणित सार्वजनिक लेखाकार हैं।

व्हाइट हाउस ने कहा कि कोटेगल समान रोजगार अवसर आयोग के आयुक्त पद के लिए और सिंह को मुख्य वित्तीय अधिकारी, आवास और शहरी विकास विभाग के रूप में नामित किया गया है। कोटेगल अप्रवासी भारतीय की बेटी हैं। वह कोहेन



मिलस्टीन फर्म में भागीदार हैं। फर्म नागरिक अधिकारों और रोजगार अभ्यास समूह की सदस्य हैं। वह फर्म की हायरिंग एंड डायवर्सिटी कमेटी की सह प्रमुख भी हैं। इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के कार्यकारी निदेशक नील माखीजा के अनुसार कोटेगल एक असाधारण रूप से प्रतिभाशाली वकील हैं। वह रोजगार, समानता और नागरिक अधिकारों की प्रबल समर्थक हैं।

इसी तरह विनय सिंह एक सार्वजनिक लेखाकार हैं। अभी वे यूएस स्माल बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एसबीए) में प्रशासक के वरिष्ठ सलाहकार हैं। एसबीए छोटे व्यवसायों को बेहतर सेवाएं देने के लिए संगठनात्मक क्षमता प्रदान करने का काम करती है। उनके पास वित्त, विश्लेषण और रणनीति की गहरी समझ है। उनके पास 25 सालों का अनुभव है।

## सोलोमन का चीन को झटका, कहा-सैन्य ठिकाना बनाने की इजाजत कभी नहीं देंगे

**बीजिंग।** चीन के साथ नए सुरक्षा गठबंधन पर अंतरराष्ट्रीय चिंताओं को दूर करने के प्रयास में सोलोमन द्वीपसमूह ने कहा कि वह अपने यहां चीन को सैन्य अड्डा बनाने की अनुमति नहीं देगा। बहरहाल, सोलोमन द्वीपसमूह के इस आश्वासन से उसके पुराने सहयोगियों न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की चिंता कम होती नहीं दिख रही है। पड़ोसी देश माइक्रोनेशिया के नेता ने चेतावनी दी है कि चीन के साथ हुए समझौते से दक्षिण प्रशांत क्षेत्र एक बार फिर महाशक्तियों का युद्धस्थल बन सकता है। सोलोमन द्वीपसमूह की सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि नए सुरक्षा समझौते का एक मसौदा तैयार है और सोलोमन और चीन के प्रतिनिधि इस पर हस्ताक्षर करेंगे।

**गलत सूचना प्रसारित कर रहे टिप्पणीकार**

सोलोमन द्वीपसमूह की सरकार ने दिए बयान में कहा की सरकार विरोधी टिप्पणीकार गलत सूचना प्रसारित कर रहे हैं और इस समझौते के तहत चीन को सैन्य अड्डा स्थापित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बयान में कहा गया, ÷सैन्य अड्डा स्थापित करने के परिणाम से सरकार अवगत है और इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी।÷ इस बयान से पहले प्रधानमंत्री मानासेह सोगवारे ने संसद में भी कहा था कि चीन को सैन्य अड्डा बनाने की इजाजत देने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। सोगवारे ने अपनी विदेश नीति का हवाला देते हुए कहा कि उनका देश केवल शांति और समृद्धि चाहता है।

**कोई गुप्त समझौता नहीं किया**

उन्होंने कहा, ''हम सभी के मित्र हैं और किसी के दुश्मन नहीं हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कोई गुप्त समझौता नहीं है बल्कि संप्रभुता का मुद्दा है। समझौते के मसौदे के तहत चीन सोलोमन द्वीप में कानून व्यवस्था



को कायम रखने और अन्य कारणों के लिए पुलिस, सैन्य कर्मियों और अन्य सशस्त्र बलों को भेज सकता है। वह लंगर डालने के लिए अपने युद्धपोत भी भेज सकता है और जिसकी वजह से दक्षिण प्रंशात सागर के द्वीपों पर चीनी नौसेना ठिकाना स्थापित करने के कयासों को बल मिला। चीन ने सोलोमन द्वीप में सैन्य ठिकाना बनाने से इंकार किया है और अन्य पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया।

**झाओ लिजियान ने दक्षिण प्रशांत सागर का सैन्यीकरण करने का आरोप लगाया**

संभवतः अमेरिका और उसके सहयोगियों का संदर्भ देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने अन्य पर दक्षिण प्रशांत सागर का सैन्यीकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सोलोमन द्वीप से समझौता लोगों की जिंदगी और संपत्ति की सुरक्षा के लिए है और इसका कोई सैन्य कारण नहीं है। लिजियान ने कहा, ''जब दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के सैन्यीकरण का सवाल आता है तो कई देश क्षेत्रीय देशों के विरोध के बावजूद सैन्य मंडली बनाने पर अमादा होते हैं और दक्षिण प्रशांत में परमाणु प्रसार के खतरा पैदा कर क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को गंभीर धमकी देते हैं।

**चीन ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी**

चीन के रक्षा मंत्रालय ने इस मामले पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षामंत्री पीटर डटन ने कहा कि वह सोलोमन की संप्रभुता का सम्मान करते हैं लेकिन यह दिखाता है कि चीन इस क्षेत्र में आक्रामकता से काम कर रहा है। उन्होंने स्काई न्यूज से कहा, ''हमें सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि चीनी उल्लेखनीय तरीके से आक्रामक है और छोटे द्वीपीय देशों में सैन्य तैनाती की रणनीति उल्लेखनीय है।'

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506